मध्यप्रदेश शासन
GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH



पर्यटन नीति (2016) संशोधित 2019

Tourism Policy (2016) Amended 2019

पर्यटन नीति (2016)
संशोधित 2019

अनुक्रमणिका

		पृ.क्र.
1.	दृष्टि वक्तव्य	1
2.	सिद्धांत	1
3.	रणनीति	1-3
4.	मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम	3
5.	पर्यटन परियोजनायें	4
6.	पर्यटन परियोजनाओं हेतु अनुदान	5-11
7.	वीकेंड टूरिज्म को बढ़ावा देना	11
8.	पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में छूट	11
9.	निजी निवेश के माध्यम से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों का आवंटन	11-13
10.	ईको तथा साहसिक पर्यटन	13-14
11.	फिल्म टूरिज्म	14
12.	राज्य पर्यटन संवर्धन परिषद/जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की स्थापना	14
13.	जल पर्यटन	15
14.	सम्पोषणीय पर्यटन	15
15.	युवाओं के लिये रोजगारोन्मुखी/कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण	15-16
16.	निवेशक सहायता	16
17.	मार्ग सुविधा केन्द्रों का विकास	16
18.	पर्यटन को उद्योग के समान सुविधाएं	16-17
19.	सम्रग पर्यटन विकास हेतु विशेष प्रयास	17-18
20.	पर्यटन नीति का क्रियान्वयन	18
21.	निरसन	18
22.	परिशिष्ट-1 - पर्यटन विभाग को आवंटित शासकीय भूमियों का नीलामी द्वारा निवर्तन की प्रक्रिया	19-23
23.	परिशिष्ट-क - प्रबंध संचालक, म.प्र. पर्यटन विकास निगम का प्रस्ताव	24-25
24.	परिशिष्ट-ख - भूमि/हैरिटेज परिसंपत्तिय के निवर्तन हेतु निविदा सूचना	26
25.	परिशिष्ट-ग - निविदा दस्तावेजों का परीक्षण एवं वित्तीय निविदा मूल्यांकन प्रतिवेदन	27-29
26.	परिशिष्ट-2 - हैरिटेज परिसंपत्तिय प्रमाणीकरण गाइडलाइन एवं प्रक्रिया 2019	30-35
	• Tourism Policy (English Version)	41-68
	• पर्यटन परियोजनाओं की परिभाषाएं • Definitions of Tourism Projects (English Version)	69-88
	• पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान, गणना, व्यय, आवेदन, चेकलिस्ट	89-99
	• Defining Capital expenditure on establishment of Tourism Project, its calculation, Application form, checklist, for calculating capital subsidy (English Version)	100-106
	• पर्यटन परियोजनाओं के विभागीय भूमियों पर स्थापनार्थ समय सीमा संबंधी निर्देश	107-108
	• ब्राण्डेड होटल प्रोत्साहन नीति 2019	109-113
	• (Promotion of Branded Hotels Policy 2019)	115-118

M.P. TOURISM

पर्यटन नीति (2016) संशोधित 2019

1. **दृष्टि वक्तव्य / (Vision Statement)**

"संतुलित एवं समेकित पर्यटन की ऐसी अभिवृद्धि जिससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास संभव हो, रोजगार के अवसरों का सृजन हो तथा मध्य प्रदेश समग्र पर्यटन अनुभव प्रदान करने वाला गन्तव्य बन सके"

2. **सिद्धांत –**

नीति के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यवाही बिन्दु (Points of Action) मुख्यतः निम्न सिद्धांतों (Principles) पर आधारित हैं :–

2.1 ऐसी संस्थागत व्यवस्था स्थापित करना, जिससे शासन द्वारा निर्धारित दिशा में निजी निवेश प्रोत्साहित हो।

2.2 समेकित पर्यटन (sustainable tourism) के लिये प्रभावी नियामक प्रक्रिया की स्थापना हो ।

2.3 पर्यटक स्वागत, सूचना, सुविधा, सुरक्षा, संरचना तथा सफाई के लिये सभी उपाय किये जायें।

2.4 धरोहरों का संरक्षण एवं पर्यटन में उपयोग किया जाये ।

2.5 ईको पर्यटन (Eco Tourism) आम–जन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करने का कारक बने।

2.6 शासकीय विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, समुदाय तथा पर्यटन उद्योग के हितधारी पक्षों के मध्य समन्वित सक्रिय भागीदारी स्थापित हो।

2.7 पर्यटन क्षेत्र में पब्लिक–प्रायवेट पार्टनरशिप पर आधारित पर्यटक परियोजनाओं का समुचित विकास हो ।

2.8 **नीति प्रभावशीलता अवधि–** संशोधन उपरांत नीति की प्रभावशीलता नीति जारी होने के दिनांक से प्रथमतः पॉच वर्ष की अवधि तक रहेगी तथा इस अवधि में प्रारंभ/स्थापित (उत्पादन प्रारंभ/ विस्तार) पर्यटन परियोजनाओं को इस नीति के प्रावधानों के अनुसार लाभ/ छूट/ रियायतें प्राप्त करने की पात्रता होगी । यथा आवश्यकता प्रभावशीलता में शासन द्वारा आवश्यक वृद्धि की जा सकेगी ।

3. **रणनीति–**

उपर्युक्त सिद्धांतों तथा पर्यटन दृष्टि–वक्तव्य के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये रणनीति (Strategy) निम्नानुसार होगी –

3.1 निजी निवेश को आकर्षित करने के लिये स्पष्ट, पारदर्शी तथा मानक प्रक्रिया को स्थापित किया जायेगा ।

3.2 गन्तव्य के विपणन के लिये अपेक्षित अनुसंधान तथा डाटा–बेस तैयार किया जायेगा ।

3.3 पर्यटन के क्षेत्र में प्रमाणिक सांख्यिकीय डाटा–बेस तैयार करने तथा पर्यटकों से फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्थागत सुधार की दृष्टि से युक्तियुक्त प्रणाली विकसित की जायेगी ।

3.4 अधोसंरचना यथा सड़क, पेयजल, ऊर्जा, स्वच्छता, परिवहन तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का निरंतर संधारण तथा प्रोन्नयन किया जायेगा ।

3.5 स्थानीय निकायों को पर्यटन के प्रति संवेदशील बनाकर उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी ।

3.6 मेले, स्थानीय व्यंजन/खानपान, संस्कृति, लोक संगीत, नृत्य, वेशभूषा, उत्पाद, कला, हस्तकला तथा विरासत के प्रदर्शन एवं मार्केटिंग के लिये ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित किया जायेगा। इन गतिविधियों के लिए पंजीकृत महिला स्व–सहायता समूहों को प्रेरित किया जाएगा।

3.7 ईको पर्यटन के गन्तव्यों में प्राकृतिक संसाधनों एवं सौन्दर्य की सुरक्षा तथा संरक्षण का सर्वोपरि ध्यान रखा जायेगा।

3.8 आध्यात्मिक पर्यटन के लिये चिन्हित स्थानों के विकास की समग्र योजना तैयार की जायेगी ।

3.9 वृहद जलाशयों पर पर्यटन सुविधाओं का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जायेगा ।

3.10 पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के विभिन्न शहरों को सड़क मार्ग (बस सेवा) तथा वायु सेवा से जोड़ने हेतु प्रभावी उपाय किये जायेंगे एवं निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.11 स्थानीय प्रशासन के सहयोग तथा प्रक्रियाओं के सरलीकरण से साहसिक पर्यटन के लिये आवश्यक व्यवस्थायें स्थापित की जायेंगी।

3.12 पर्यटन उद्योग के सभी क्षेत्रों में नियोजित मानव संसाधन का ऐसा प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जायेगा ताकि प्रदेश की पर्यटन अनुकूल (Tourism friendly) छवि बन सके एवं युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

3.13 निजी निवेश से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये उपयुक्त स्थल चयन कर लैण्ड बैंक को (Land Bank) निरंतर बढ़ाया जायेगा।

3.14 प्रदेश मे पर्यटकों को पर्याप्त एव स्तरीय आवास सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य से स्टेंडर्ड (Standard) एवं डीलक्स (Deluxe) श्रेणी के होटलों की निजी निवेश से स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.15 शासन के अन्य सुसंगत विभागों की कार्य योजना में "पर्यटन योजना" को सम्मिलित करने का प्रयास किया जायेगा।

3.16 निजी निवेश से हेरिटेज होटल की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये अनुदान/ रियायतें दी जायेंगी।

3.17 MICE (Meetings, Incentives, Conferences, Exhibitions) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश में निजी निवेश से कन्वेंशन सेंटर स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

3.18 प्रदेश में होटल रिसोर्ट सहित विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु अनुदान/ रियायतें उपलब्ध करायी जायेंगी।

3.19 विशेष महत्वों के एवं उपयुक्त नवीन पर्यटन गन्तव्यों का विकास किया जायेगा तथा दूरस्थ एवं दुर्गम स्थलों पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु विशेष छूट एवं सुविधायें दी जायेंगी।

3.20 मेडिकल टूरिज्म, डेस्टीनेशन वेडिंग टूरिज्म एवं ग्रामीण /कृषि /ईको टूरिज्म् को प्रोत्साहित किया जायेगा ।

3.21 पर्यटन विभाग के दूरस्थ लैंड बैंकों एवं अधोसंरचनाविहीन भूमियों, वाटर बॉडीज एवं हेरिटेज परिसम्पत्तियों पर मूलभूत अधोसंरचनाओं का विकास किया जायेगा ।

3.22 पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को सिंगल विंडो एजेंसी

बनाया जायेगा जो निवेशकों को अनुमतियां/अनापत्ति आदि प्रदान कराने/नवीनीकरण कराने का कार्य करेगा । निवेशकों को उपरोक्तानुसार अनुमति/अनापत्ति दिलाने/नवीनीकरण कराने हेतु व्यक्तिश: अनुसरण (Hand holding) प्रक्रिया अपनायी जायेगी ।

3.23 पर्यटन परियोजना की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिये अन्य विभागों के समन्व्य से Ease of Doing बिजनेस की अवधारणा को अमल में लाने का प्रयास किया जायेगा ।

3.24 हेरिटेज परिसम्पत्तियों का प्रमाणीकरण पर्यटन विभाग द्वारा करने के संबंध में नियम एवं प्रक्रिया बनायी जायेगी तथा इस प्रमाणीकरण के आधार पर हेरिटेज इकाईयों को नीति में प्रावधित छूट/सुविधायें प्रदाय की जायेगी ।

3.25 रोजगार एवं आजीविका के अवसरों के सृजन एवं समग्र पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए "ग्राम स्टे", "फार्म स्टे" एवं "बेड एण्ड ब्रेकफास्ट" इकाईयों की स्थापना को नीति बनाकर प्रोत्साहित किया जाएगा । पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों तथा पंजीकृत स्व–सहायता समूहों को ग्राम स्टे स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ।

3.26 पर्यटक स्थलों को नि:शक्तजनों हेतु भ्रमण सुगम बनाया जायेगा।

3.27 होटल/रिसोर्ट/वृहद पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना में बड़े ब्रांड्स को प्रोत्साहित करने के लिए सर्व संबंधितों (Stakeholders) से परामर्श कर पृथक नीति बनाई जाएगी ।

4. मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम–

प्रदेश में पर्यटन नीति को क्रियान्वित करने के लिये मैदानी स्तर पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निगम की भूमिका निम्नानुसार होगी :–

4.1 निगम पर्यटन सेवायें प्रदान करते हुये संपूर्ण प्रदेश में निजी निवेश से पर्यटन सेवाओं की स्थापना, विस्तार एवं विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

4.2 निगम यथा आवश्यकता अपनी इकाईयों को संचालन हेतु प्रबंधकीय अनुबंध अथवा दीर्घ अवधि की लीज पर निजी क्षेत्र को सौप सकेगा।

4.3 पर्यटन उद्योग से जुडे हितधारियों से संपर्क एवं समन्वय रखते हुये पर्यटन संवर्धन, प्रबंधन एवं संचालन संबंधी समस्या समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाये जायेंगे।

4.4 पर्यटन संभावित अविकसित नवीन क्षेत्रों में निवेश कर पर्यटन परियोजनाएं स्थापित की जायेगी तथा निजी निवेश का मार्ग प्रशस्त कर निवेशकों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

4.5 निगम यथा आवश्यकता अपनी इकाईयों का विस्तार करेगा एवं प्राप्त लाभ से नवीन क्षेत्रों का विकास करेगा।

4.6 प्रदेश में सत्कार प्रशिक्षण, फूड क्राफ्ट, पर्यटन प्रबंधन आदि क्षेत्रों में उच्च शिक्षा एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों यथा मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड ट्रेनिंग, फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी आदि का यथा आवश्यक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जायेगा ।

4.7 भारत शासन, राज्य शासन एवं वित्तीय संस्थाओं से पर्यटन परियोजनाओं के लिये ऋण एवं अनुदान प्राप्त करने हेतु समस्त कार्यवाही करेगा ।

4.8 पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने, इन्वेस्टर्स फेसिलीटेशन, निवेशकों को नीति अनुसार अनुदान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्यटन परियोनाओं के आकल्पन, क्रियान्वयन

एवं मॉनिटरिंग के लिये विभाग द्वारा पर्यटन विकास निगम में एक पृथक प्रभाग "निवेश संवर्धन एवं योजना प्रभाग" (Investment Promotion and Planning Division) का गठन किया जायेगा। इस प्रभाग हेतु विधिवत सेटअप का निर्धारण विभाग द्वारा किया जायेगा। प्रभाग में सेटअप अनुसार आवश्यक मानव संसाधन, निगम द्वारा पदस्थापित किये जायेंगे। इस प्रभाग को कार्यशील रखने के लिये आवश्यक वित्तीय संसाधन शासन द्वारा निगम को पृथक से उपलब्ध करायें जायेंगे ।

5. पर्यटन परियोजनायें –

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न सुविधायें/छूट प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित गतिविधियों को पर्यटन परियोजना माना जायेगा। परियोजनाओं की परिभाषा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचनाओं के अनुसार अथवा पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

5.1 होटल (स्टार, डीलक्स एवं स्टेण्डर्ड श्रेणी)

5.2 हेल्थ फार्मस्/ रिसोर्ट/हेल्थ एंड वेलनेस रिसोर्टस्

5.3 रिसोर्ट, केम्पिंग साइट एवं स्थायी टेंटिंग इकाईयां

5.4 मोटल एवं वेसाइड एमेनिटीज

5.5 हेरिटेज होटल

5.6 कन्वेंशन सेन्टर (MICE)

5.7 म्यूजियम/ एक्वेरियम/ थीम पार्कस्

5.8 बेड एण्ड ब्रेकफास्ट/होमस्टे इकाई

5.9 गोल्फ कोर्स

5.10 रोप–वे (Ropeway)

5.11 वाटर पार्क और वाटर स्पोर्टस

5.12 एम्यूजमेंट पार्क

5.13 केरेवॉन टूरिज्म

5.14 क्रूज टूरिज्म

5.15 हॉउस बोट

5.16 फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना

5.17 एडवेन्चर स्पोर्टस्

5.18 साउण्ड एण्ड लाइट शो/ लेजर शो

5.19 सी–प्लेन

5.20 एमफीबियन पर्यटन वाहन

5.21 एयरो स्पोर्टस एवं एयरो स्पोर्टस ट्रेनिंग सेंटर/एकेडमी

5.22 हेरिटेज कैफेटेरिया/ मोटल

5.23 वाईल्ड लाईफ रिसोर्टस

5.24 ग्राम स्टे/ फॉर्म स्टे

5.25 अन्य पर्यटन संबंधी गतिविधियां जिन्हें केंद्र/राज्य शासन का पर्यटन विभाग अपनी नीति अंतर्गत अधिसूचित करें।

6. पर्यटन परियोजनाओं हेतु अनुदान–

इस पर्यटन नीति की प्रभावशीलता अवधि में स्थापित होकर प्रारंभ होने वाली पात्र पर्यटन परियोजनाओं को उनके द्वारा किये गये स्थायी पूंजीगत व्यय पर निम्नानुसार श्रेणीवार पूंजीगत अनुदान की पात्रता होगी :–

क्र.	अनुदान योजना	न्यूनतम परियोजना व्यय (रूपये लाख में)	स्थायी पूंजीगत व्यय पर अनुदान का प्रतिशत	अनुदान की अधि–कतम सीमा (रूपये लाख में)	अन्य शर्तें
6.1	निजी स्वामित्व के हेरिटेज होटलों हेतु पूंजीगत अनुदान	300 लाख	15 प्रतिशत	200 लाख	हेरिटेज होटल स्थापित कर संचालन आरम्भ करने तथा HRACC (Hotel & Restaurant Approval and Classification Committee) / मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा, हेरिटेज प्रमाणीकरण उपरांत देय होगा । टूरिज्म बोर्ड द्वारा **परिशिष्ट–2** पर संलग्न गाइडलाइन एवं प्रक्रिया अनुसार हेरिटेज परिसंपत्ति प्रमाण–पत्र जारी किये जायेंगे ।
6.2	पर्यटन विभाग द्वारा लीज पर दी गई हेरिटेज सम्पत्तियों पर हेरिटेज होटल स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	1000 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	कंडिका 6.1 अनुसार
6.3	डीलक्स/ थ्री स्टार अथवा उच्च श्रेणी के नवीन होटल एवं रिसार्ट की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	1000 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	किराये पर देने योग्य एयरकंडिशंड कक्षों की न्यूनतम संख्या 50 होना आवश्यक है।
6.4	स्टेण्डर्ड श्रेणी के नवीन होटल/मिनी रिसोर्ट की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	200 लाख	15 प्रतिशत	50 लाख	किराये पर देने योग्य कक्षों की न्यूनतम संख्या होटल हेतु 25 एवं मिनी रिसॉर्ट हेतु 10 होना आवश्यक है ।
6.5	नवीन रिसॉर्ट एवं वेलनेस सेंटर (आयुर्वेद योग, नेचरोपेथी चिकित्सा सुविधायुक्त रिसॉर्ट) की स्थापना हेतु पूंजीगत अनुदान	500 लाख	15 प्रतिशत	200	भारत/ राज्य शासन द्वारा मान्य परिभाषा एवं मापदंडों/ मानकों के अनुसार इकाई की स्थापना आवश्यक है।

6.6	पूर्व स्थापित स्टार/ डीलक्स/ स्टेण्डर्ड श्रेणी के होटल/ रिसोर्ट/ हेरिटेज होटल के विस्तार पर पूंजीगत अनुदान	100 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	अनुदान हेतु पूर्व स्थापित इकाई में ऐसा विस्तार पात्र होगा, जिसमें आवासीय क्षमता पूर्व क्षमता से 50 प्रतिशत या अधिक बढ़ायी गयी हो।
6.7	MICE (meetings, incentives, conferences, exhibitions) अंतर्गत 500 या अधिक सीट क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर/कन्वेंशन सेंटर सह होटल की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	2000 लाख	15 प्रतिशत	1000 लाख	यह आवश्यक होगा कि परियोजना की स्थापना कन्वेंशन सेंटर हेतु भारत शासन, पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों/ मानकों के अनुरूप की गयी हो। अकेले मुख्य कन्वेंशन हॉल की सीट क्षमता 500 या अधिक होना आवश्यक है।
6.8	फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु स्थायी अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना/ म्यूजियम, एक्वेरियम, थीम पार्क स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	100 लाख	15 प्रतिशत	500 लाख	
6.9	एडवेंचर टूरिज्म, वाटर टूरिज्म, वॉटर स्पोर्ट्स, क्रूज/हाउस बोट, नौवहन अधोसंरचना, एम्यूजमेंट पार्क, लाईट एंड साउंड शो/लेजर शो, कैम्पिंग गतिविधियों हेतु उपकरणों/टेंट की स्थापना/उपरोक्त गतिविधियों हेतु स्थायी सुविधाओं एवं अधोसंरचनाओं का निर्माण	25 लाख	15 प्रतिशत	300 लाख	स्थाई सुविधा/ अधोसंरचना से आशय, प्लेटफॉर्म/ जेट्टी/ उपकरण/ पार्किंग साइट/ बिजली सुविधा/ जल प्रदाय/ टॉयलेट आदि जन-सुविधाओं से है।
6.10	ग्रीन फील्ड/फ्रेंचाइजी मॉडल पर मार्ग सुविधा केन्द्र (डब्ल्यू.एस.ए.) की स्थापना जिसमें स्थायी पूंजीगत व्यय रूपये 25 लाख से अधिक हो।	25 लाख	15 प्रतिशत	50 लाख	विभाग की मार्ग सुविधा केन्द्र नीति 2016 के अनुरूप निर्धारित स्थानों/ प्रबंध संचालक एम.पी टूरिज्म बोर्ड द्वारा मान्य स्थानों पर स्थापित एवं संचालित इकाईयों को पात्रता ।
6.11	पर्यटन विभाग से लीज पर ली गयी भूमि/ हेरिटेज परिसंपत्ति पर मूल अधोसंरचना यथा विद्युत प्रदाय, जल प्रदाय एवं सड़क सम्पर्क, सीवेज एवं जल मल निकासी अधोसंरचनाओं के निर्माण हेतु पूंजीगत अनुदान	50 लाख	25 प्रतिशत	300 लाख	
6.12	दुर्गम पर्यटन स्थलों/ वन पर्यटन क्षेत्रों में परिवहन हेतु रोप-वे अधोसंरचना का निर्माण	100 लाख	40 प्रतिशत	500 लाख	

6.13	सी–प्लेन, एमफीबियन पर्यटक वाहन एवं एयरो स्पोर्टस व एयरो स्पोर्टस ट्रेनिंग सेन्टर/एकेडमी की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान	100 लाख	25 प्रतिशत	1000 लाख	एयरो स्पोर्टस एवं एयरो स्पोर्टस ट्रेनिंग सेन्टर/ एकेडमी की स्थापना उपरान्त अनुदान, गतिविधि के एक वर्ष तक संचालन के उपरान्त दिया जाएगा। सी–प्लेन एवं एमफीबियन पर्यटक वाहन को स्वीकृत अनुदान राशि का वितरण निम्नानुसार किया जायेगा – ● गतिविधि प्रारम्भ होने पर अनुदान राशि का 40 प्रतिशत, तदुपरांत संचालन के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष में स्वीकृत अनुदान राशि का 20 प्रतिशत प्रत्येक वर्ष

6.14 प्रदेश के लोगों को रोजगार –

प्रदेश में स्थापित होने वाली नवीन डीलक्स एवं स्टेण्डर्ड श्रेणी की होटल्स को पूंजीगत अनुदान पात्रता प्राप्त करने के लिए प्रदेश के लोगों को होटल में प्रदाय कुल रोजगार का 70 प्रतिशत रोजगार देना आवश्यक होगा ।

6.15 वाईल्ड लाइफ रिसोर्ट हेतु विशेष अनुदान –

प्रदेश के अधिसूचित नेशनल पार्क, टाईगर रिजर्व एवं अभ्यारण्य की सीमा से 20 कि.मी. की परिधि में स्थापित होने वाले रिसोर्टस को वन क्षेत्र की श्रेणी अनुसार पूंजीगत अनुदान की निम्नानुसार पात्रता होगी :–

वाईल्ड लाइफ रिसोर्टस् हेतु विशेष अनुदान

वन क्षेत्र की श्रेणी	वन क्षेत्र का नाम	न्यूनतम पूंजी निवेश	न्यूनतम कक्षों की संख्या	पूंजीगत अनुदान	पूंजीगत अनुदान की अधिकतम सीमा
अ	कान्हा, बांधवगढ़, पेंच टाईगर रिजर्व एवं इनकी सीमाओं से लगे हुए नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य	रू. 5.00 करोड़	10	20%	रू. 1.00 करोड़
ब	पन्ना एवं सतपुड़ा टाईगर रिजर्व एवं इनकी सीमाओं से लगे हुए नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य	रू. 3.00 करोड़	07	20%	रू. 2.00 करोड़

स	संजय डुबरी टाईगर रिजर्व और इससे लगे हुए नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य तथा उपरोक्त "अ" एवं "ब" श्रेणी में आने वाले वन क्षेत्रों को छोड़कर प्रदेश के अन्य समस्त नेशनल पार्क एवं अभ्यारण्य	रू. 1.00 करोड़	05	20%	रू. 3.00 करोड़

6.16 दूरस्थ/दुर्गम नवीन क्षेत्रों में पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना पर अतिरिक्त अनुदान –

प्रदेश में दूरस्थ/दुर्गम नवीन स्थलों पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना पर 5% अतिरिक्त लागत पूंजीगत अनुदान दिया जायेगा। इन क्षेत्रों में पर्यटन परियोजनाओं में न्यूनतम निवेश की पर्यटन नीति में निर्धारित सीमा से 50% कम न्यूनतम पूंजी निवेश मान्य किया जायेगा तथा होटल/रिसोर्टस के प्रकरणों में आवास कक्षों की संख्या भी न्यूनतम से आधी मान्य होगी। ऐसे क्षेत्रों में स्थापित पर्यटन परियोजनाओं को अनुदान के प्रकरण में अनुदान हेतु नियत अधिकतम सीमा का बंधन नहीं होगा ।

उपरोक्त सुविधाओं के लिये आवश्यक होगा कि पर्यटन परियोजना ऐसे स्थान पर स्थापित की गयी हो :–

1. इकाई इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास, सागर, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी, रीवा एवं सतना शहर की नगर निगम, निवेश क्षेत्र से बाहर अन्य किसी भी स्थल पर स्थापित की गई हो ।
2. इकाई स्थल की 10 किलोमीटर की परिधि में इकाई श्रेणी की अन्य कोई परियोजना स्थापित न हो ।
3. ऐसे स्थान पर मध्यप्रदेश शासन के किसी विभाग अथवा उपक्रम द्वारा कोई पर्यटन परियोजना स्थापित की गई हो तो उसे गणना में नहीं लिया जायेगा ।
4. यदि वाईल्ड लाईफ रिसोर्टस इस श्रेणी के अंतर्गत पात्रता रखते हैं तो उसे यह विकल्प होगा कि वह किसी एक पात्रता श्रेणी का चयन कर सकें ।

6.17 विद्यमान होटल के जीर्णोद्धार/ आधुनिकीकरण कर अपग्रेडेशन हेतु पूंजीगत अनुदान –

अ. वर्तमान स्टेंडर्ड श्रेणी के होटल एवं मिनी रिसोर्ट के जीर्णोद्धार/आधुनिकीकरण एवं अप–ग्रेडेशन कर स्थापित किये जाने वाले डीलक्स होटल (न्यूनतम कुल 50 कमरे), रिसोर्ट (न्यूनतम कुल 20 कमरे) को नवीन इकाई को नीति में दी गई पात्रता अनुसार संबंधित श्रेणी में अनुदान की पात्रता होगी ।

अनुदान पात्रता हेतु न्यूनतम रू. 10.00 करोड़ का नवीन पूंजी निवेश आवश्यक होगा।

ब. विद्यमान डीलक्स श्रेणी के होटल एवं रिसोर्ट के जीर्णोद्धार/आधुनिकीकरण एवं अपग्रेडेशन कर स्थापित किए जाने वाले 4 स्टार अथवा इससे अधिक उच्च श्रेणी के होटल (न्यूनतम कुल 75 कक्ष) अथवा रिसोर्ट को (न्यूनतम कुल 25 कक्ष) नीति में संबंधित श्रेणी की नवीन इकाई को दी पात्रता अनुसार अनुदान पात्रता होगी । इस हेतु न्यूनतम रू. 25.00 करोड़ नवीन पूंजी निवेश आवश्यक होगा ।

स. ऐसी इकाईयों को उसी पूंजी निवेश पर अनुदान पात्रता होगी जो इस नीति के लागू होने के

दिनांक के उपरांत किया गया हो ।

6.18 अनुदान प्राप्त इकाई का निरंतर संचालन –

(i) पर्यटन नीति के अंतर्गत पूंजीगत अनुदान व अन्य कोई अनुदान प्राप्त इकाई के लिये यह आवश्यक होगा कि वह ऐसा अनुदान प्राप्त करने के दिनांक से 03 वर्षों के लिये निरंतर संचालित रखी जाये । ऐसी इकाईयों को अनुदान प्राप्त करने के उपरांत यह आवश्यक होगा कि वे प्रति वर्ष 15 अप्रैल तक अपने कार्यरत रहने के प्रमाण में स्व प्रमाणित घोषणा पत्र (Self-declaration) प्रस्तुत करें ।

उपरोक्त अनुसार पालन न होने पर इकाई को निम्नानुसार अनुदान राशि विभाग को लौटानी होगी –

अ. अनुदान प्राप्ति के एक वर्ष से पूर्व इकाई का संचालन बंद करने पर 80% (अनुदान) राशि।

ब. अनुदान प्राप्ति के 02 वर्ष से पूर्व इकाई का संचालन बंद करने पर 60% (अनुदान) राशि।

स. अनुदान प्राप्ति के 03 वर्ष से पूर्व इकाई का संचालन बंद करने पर 50% (अनुदान) राशि।

(ii) पूंजीगत अनुदान हेतु पात्र इकाई को इकाई प्रारंभ करने के दिनांक से 01 वर्ष के भीतर आवेदन करना आवश्यक होगा।

(iii) पूंजीगत अनुदान हेतु इकाई प्रारंभ होने के अधिकतम 03 वर्ष पूर्व किया निवेश ही अनुदान गणना हेतु मान्य किया जायेगा ।

6.19 वृहद/मेगा एवं अल्ट्रा मेगा पर्यटन परियोजनाओं को निवेश प्रोत्साहन सहायता –

वृहद/मेगा एवं अल्ट्रा मेगा पर्यटन परियोजनाओं को उनकी श्रेणी अनुसार निम्नानुसार निवेश प्रोत्साहन सहायता की पात्रता होगी :–

परियोजना श्रेणी	परियोजना श्रेणी हेतु न्यूनतम निवेश	परियोजना श्रेणी हेतु न्यूनतम (प्रदेश के लोगों को) रोजगार	इकाई द्वारा किये स्थाई पूंजी निवेश पर निवेश प्रोत्साहन सहायता का प्रतिशत	निवेश प्रोत्साहन सहायता राशि की अधिकतम सीमा	वर्षवार निवेश सहायता राशि भुगतान का प्रतिशत			
					प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष	चतुर्थ वर्ष
वृहद	रू. 10 करोड़ अथवा उससे अधिक	50	30%	15 करोड़	10%	10%	5%	5%
मेगा	रू. 50 करोड़ अथवा उससे अधिक	100	30%	30 करोड़	10%	10%	5%	5%
अल्ट्रा मेगा	रू. 100 करोड़ अथवा उससे अधिक	200	30%	90 करोड़	10%	10%	5%	5%

हैरिटेज होटल स्थापना हेतु न्यूनतम निवेश की सीमा उपरोक्त श्रेणियों में निर्धारित न्यूनतम निवेश का 50% होगी तथा प्रदेश के लोगों को रोजगार की न्यूनतम संख्या उपरोक्त श्रेणियों में निर्धारित संख्या का 50% होगी । निवेश प्रोत्साहन सहायता प्राप्तकर्ता इकाई को किसी भी श्रेणी में नीति में प्रावधित लागत पूंजी अनुदान की पात्रता नहीं होगी ।

6.20 उत्तरदायी पर्यटन हेतु अनुदान –

(i) पर्यटन परियोजनाओं को ईको टूरिज्म सोसायटी ऑफ इंडिया से ईको फ्रेंडली इकाई का प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर किये गये व्यय की 100%, अधिकतम रूपये 01 लाख तक प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी ।

(ii) नवीन/विद्यमान पर्यटन परियोजनाओं द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मंडल के मापदंडों के अनुसार प्रदूषण उपचार संयत्र की स्थापना पर किए पूंजी निवेश पर 25% की दर से अधिकतम रूपये 50 लाख तक के अनुदान पात्रता होगी, बशर्ते ऐसे संयत्र की स्थापना लागत रूपये 10 लाख से अधिक हो ।

6.21 अनुसूचित जनजाति / जाति के उद्यमियों को विशेष अनुदान–

अजजा/अजा श्रेणी के उद्यमियों द्वारा उनके शत प्रतिशत स्वामित्व में स्थापित की गई पर्यटन परियोजनाओं को 5% अतिरिक्त लागत पूंजी अनुदान की पात्रता होगी ।

6.22 हेरिटेज/वृहद/मेगा/अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को चरणबद्ध छूट एवं अनुदान सुविधा –

हेरिटेज/वृहद/मेगा/अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को पूर्व अनुमोदित क्रियान्वयन योजना अनुसार गतिविधियां प्रारंभ करने पर चरणवार निवेश पर अनुदान/छूट प्राप्त करने की सुविधा होगी । चरणबद्ध अनुदान/छूट प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक होगा कि प्रथम चरण अधिकतम 02 वर्ष में, द्वितीय चरण अधिकतम 03 वर्ष में एवं अंतिम चरण अधिकतम 05 वर्ष में पूर्ण कर लिया गया हो । इकाई को पूरी परियोजना हेतु निर्धारित पात्रता की सीमा तक ही यह लाभ प्राप्त होगा।

6.23 विभिन्न अनुदान सुविधाओं के लिए वही पूंजीगत निवेश मान्य होगा जो पूंजी अनुदान हेतु मान्य किया गया हो ।

6.24 यदि इकाई एकाधिक श्रेणियों में छूट/अनुदान की पात्रता रखती है तो उसे कौन–कौन सी श्रेणियों में पात्रता लेनी है, का विकल्प चयन करने की स्वतंत्रता होगी । दो समान छूट/अनुदान सुविधाओं में से एक का ही चयन किया जा सकेगा । उदाहरणार्थ यदि इकाई को पूंजीगत अनुदान की पात्रता सामान्य इकाईयों की पात्रता एवं विशेष इकाईयों की पात्रता दोनों के अंतर्गत है तो चयन अनुसार एक ही श्रेणी की पात्रता होगी ।

6.25 (i) पर्यटन इकाईयों को राष्ट्र स्तरीय मार्केटिंग आयोजनों में भाग लेने पर स्थल/स्टॉल स्थापना व्यय पर 50% सहायता राशि जो अधिकतम रूपये 50 हजार तक होगी, की पात्रता होगी ।

(ii) पर्यटन इकाईयों को अंतर्राष्ट्रीय मार्केटिंग आयोजनों में भाग लेने पर स्थल/स्टॉल स्थापना व्यय एवं 01 व्यक्ति हेतु इकनोमी श्रेणी के हवाई यात्रा व्यय पर 50% सहायता राशि जो अधिकतम रूपये 01 लाख तक, की पात्रता होगी ।

(iii) किसी इकाई को प्रतिवर्ष उपरोक्त अधिकतम दो आयोजनों में भाग लेने पर सहायता की पात्रता होगी ।

(iv) कल्चरल/ फूड /पारंपरिक वस्त्र / हस्तशिल्प गतिविधियों में संलग्न पंजीकृत/प्रमाणित स्व–सहायता समूहों/मंडलों एवं पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने पर आये व्यय (स्थल/स्टॉल किराया एवं 02 व्यक्तियों के एसी–2 श्रेणी का रेल किराया /01 व्यक्ति का इकनोमी श्रेणी का हवाई किराया) पर 100% सहायता राशि अधिकतम रूपये 01 लाख तक, की पात्रता होगी ।

6.26 हॉट एयर बैलून संचालन हेतु विशेष अनुदान –

एडवेंचर टूरिज्म हेतु हॉट एयर बैलून गतिविधि संचालन पर भूमि मूल्य छोड़कर शेष परियोजना व्यय पर 50% पूंजीगत अनुदान देय होगा । परियोजना स्थापना हेतु न्यूनतम रूपये 50 लाख का व्यय आवश्यक होगा । अनुदान राशि वर्षवार निम्नानुसार वितरित की जायेगी :–

- प्रथम वर्ष गतिविधि स्थापना पर – 15%
- द्वितीय वर्ष गतिविधि संचालन पर – 10%
- तृतीय वर्ष गतिविधि संचालन पर – 10%
- चतुर्थ वर्ष गतिविधि संचालन पर – 10%
- पंचम वर्ष गतिविधि संचालन पर – 5%

7. वीकेंड टूरिज्म को बढ़ावा देना–

प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों के पर्यटकों को प्रोत्साहित करने एवं वीकेंड टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये पर्यटकों के अपेक्षानुरूप पर्यटक सुविधाओं का उन्नयन एवं वृद्धि हेतु जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) को संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे ।

8. पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में छूट–

8.1 निजी भूमि पर हेरिटेज पर्यटक परियोजनाओं की स्थापना के लिये प्रश्नाधीन हेरिटेज भवन के निर्मित क्षेत्रफल तथा उससे लगी अधिकतम एक हेक्टेयर भूमि के मूल्य पर पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क पर शत–प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। यदि भवन के साथ एक हेक्टेयर से अधिक भूमि हो तो उस अतिरिक्त भू–भाग पर नियमानुसार पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क देय होगा। पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क की छूट की राशि होटल प्रारंभ होने के बाद पर्यटन विभाग द्वारा होटल स्वामी को प्रतिपूर्ति के रूप में दी जावेगी।

8.2 पर्यटन विभाग द्वारा जो शासकीय भूमि (लैंड–पार्सल, हेरिटेज प्रॉपर्टी के साथ की अनुषांगिक भूमि, मार्ग सुविधा केन्द्र की भूमि) एवं पर्यटन विभाग की संपत्तियाँ, पर्यटन परियोजनाओं के लिये लीज/विकास अनुबंध/ प्रबंधकीय अनुबंध/लाइसेंस आदि पर दिये जाने पर निष्पादित एवं पंजीकृत अनुबंधों पर पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क देय नहीं होगा।

8.3 विद्यमान कंडिका क्र. 8.2 में दी गयी मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा छूट उपलब्ध कराने की वर्तमान नीति में परिवर्तन की दशा में इसकी प्रतिपूर्ति निवेशक को विभाग द्वारा की जायेगी ।

9. निजी निवेश के माध्यम से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों का आवंटन –

9.1 पर्यटन उद्देश्यों की पूर्ति एवं निजी निवेश से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये पर्यटन

विभाग को शासकीय भूमि/हेरिटेज परिसंपत्ति निःशुल्क आवंटित कर अंतरित की जायेगी।

9.2 उपरोक्त अंतरित भूमियों/ हेरिटेज परिसंपत्तियों के निवर्तन हेतु पर्यटन विभाग की ओर से मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड अधिकृत होगा।

9.3 चिन्हित शासकीय भूमियों/भूमि जिस पर परिसंपत्तियां निर्मित है एवं जो पर्यटन विभाग को हस्तांतरित है अथवा की जायेगी, को 90 अथवा 30 वर्ष की लीज पर देने, 5 से 30 वर्ष के लिए लाइसेंस पर देने अथवा विकास/प्रबंधकीय अनुबंध के माध्यम से विकसित करने के संबंध में अंतिम निर्णय पर्यटन विभाग द्वारा लिया जायेगा।

9.4 निवर्तन हेतु नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका की सीमा के अंतर्गत) क्षेत्रों में एवं प्लान एरिया में भूमि का आरक्षित मूल्य रूपये 10.00 लाख प्रति हेक्टेयर एवं उपरोक्त के अलावा अन्य क्षेत्रों में रूपये 5.00 लाख प्रति हेक्टेयर होगा।

9.5 हेरिटेज महत्व के भवनों एवं उससे लगी आनुषांगिक भूमि के निवर्तन हेतु आरक्षित मूल्य रूपये 1.00 लाख होगा। निवर्तन हेतु ऐसे हेरिटेज भवनों एवं आनुषांगिक भूमि का चिन्हांकन एवं चयन इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जायेगा।

9.6 नीति के अंतर्गत भूमियों एवं हेरिटेज परिसंपत्तियों का निवर्तन खुली निविदा पद्धति से किया जायेगा एवं आरक्षित मूल्य पर सर्वाधिक मूल्य के प्रस्ताव को आवंटन हेतु चुना जायेगा।

9.7 उपरोक्तानुसार प्राप्त अधिकतम मूल्य की राशि एकमुश्त प्रीमियम के रूप में देय होगी तथा इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष इस प्रीमियम राशि के एक प्रतिशत के बराबर राशि लीज रेंट के रूप मे देय होगी।

9.8 लीज पर दी गई भूमियों से प्राप्त होने वाली निविदा राशि (प्रीमियम) एवं वार्षिक लीज रेंट की राशि, पर्यटन विकास निगम द्वारा शासन से प्राप्त राशि के रूप मे पृथक मद "शासकीय भूमियों का निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास" में रखी जायेगी। यह राशि भूमियों के सर्वे, हस्तांतरण, निविदा प्रक्रिया, विद्युत/सड़क/जल प्रदाय, ऐरिया प्लानिंग, ऐरिया डेवलपमेंट, परिसंपत्तियों की सुरक्षा व अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास में निगम द्वारा व्यय की जा सकेगी। इस राशि के व्यय के संबंध में पर्यटन विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये जायेंगे ।

9.9 पर्यटन विभाग को हस्तांतरित शासकीय भूमियां/ भूमियां जिन पर परिसंपत्तियां (यथा हेरिटेज परिसंपत्ति आदि) का निजी निवेशकों को पर्यटन परियोजना स्थापना हेतु निवर्तन इस नीति के परिशिष्ट –1 में वर्णित प्रक्रिया अनुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जायेगा ।

9.10 एक हेक्टेयर तक की भूमियों एवं मार्ग सुविधा केंद्रों की निविदा शर्तो को इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा कि नवीन उद्यमियों एवं स्टार्टअप उद्यमियों को निविदाओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो।

9.11 पर्यटन विभाग द्वारा निजी निवेशकों को लीज पर पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु दी गई हेरिटेज परिसम्पत्तियों पर परियोजना स्थापना हेतु प्रथमतः 05 वर्ष की समयावधि दी जायेगी जिसे औचित्यपूर्ण कारणों से आगामी 02 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

9.12 अल्ट्रा मेगा परियोजना हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व/पर्यटन विभाग के लैंड बैंक में से प्रस्तावक द्वारा चिन्हित शासकीय भूमि निवेशक को विभाग द्वारा उस स्थान के तत्समय प्रचलित

कलेक्टर गाइड लाइन रेट पर 90 वर्ष की लीज पर 1% वार्षिक लीज रेंट पर आवंटित की जा सकेगी । प्रत्येक 30 वर्ष के उपरांत लीज रेंट में 6 गुना वृद्धि की जायेगी । यदि प्रस्तावक द्वारा राजस्व विभाग के शासकीय भूमि के लैंड बैंक की भूमि चिन्हित की जाती है तो ऐसी भूमि प्रथमतः पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जायेगी । यह आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जायेगा । ऐसे प्रस्ताव का अनुमोदन पर्यटन नीति अंतर्गत गठित साधिकार समिति द्वारा किया जायेगा ।

10. ईको तथा साहसिक पर्यटन–

10.1 वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत अधिसूचित अभ्यारण्य अथवा राष्ट्रीय उद्यान में सम्मिलित वन क्षेत्र को छोड़कर संपूर्ण राज्य के वन क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा निर्धारित "म.प्र. वन (मनोरंजन एवं वन्य प्राणी अनुभव) नियम–2015" के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। इसके अंतर्गत निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम एवं वन विभाग के संबंधित उपक्रमों द्वारा संयुक्त रूप से पारदर्शी प्रक्रिया निर्धारित कर समुचित प्रयास किए जाएँगे ।

10.2 कंडिका 10.1 में वर्णित अधिसूचित क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य संभावित स्थानों पर भी ईको एडवेंचर पर्यटन से संबंधित गतिविधियों एवं उनका स्वरूप निर्धारण करने के लिये पर्यटन विभाग अधिकृत होगा। किसी भी स्थल पर संचालित होने वाली गतिविधियों का निर्धारण स्थानीय संभावनाओं (Potential)/ आवश्यकता के अनुरूप किया जा सकेगा । इसमें कैम्पिंग, ट्रेकिंग, एंगलिंग, जलक्रीड़ा, एलिफेन्ट सफारी, सायकल सफारी, राइडिंग ट्रेल, फोटो सफारी, केनोईंग सफारी, व्हाइट वाटर राफ्टिंग, रॉक क्लाईबिंग/माउण्टेनीयरिंग, पैरा–सेलिंग/पैरा ग्लाइडिंग, हॉट एयर बलूनिंग आदि गतिविधियां शामिल की जा सकेंगी ।

10.3 ईको/साहसिक पर्यटन में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिये पर्यटन विभाग भूमि लीज पर अथवा लायसेन्स पर दे सकेगा ।

10.4 ईको/साहसिक पर्यटन हेतु भूमि लीज पर देने हेतु इस नीति की कंडिका 9 अनुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

10.5 यदि भूमि पर कोई व्यापक या स्थायी स्वरूप का निर्माण आवश्यक नही है तो ऐसी भूमि लायसेंस पर भी दी जा सकेगी ।

10.6 सामान्यतः लायसेंस पर दिये जाने के पूर्व भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जावेगी । परंतु जहां ऐसा संभव नहीं हो, वहां उसे भूमि का स्वामित्व धारण करने वाले विभाग की सहमति (ऐसी शर्तो के साथ, जो वह विभाग निर्धारित करे) प्राप्त कर लायसेंस दिया जा सकेगा ।

10.7 भूमि को लायसेंस पर दिये जाने के लिये लायसेंस की अवधि, शर्तें तथा फीस का निर्धारण, इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जाएगा । लायसेंस की अवधि सामान्यतः 5 वर्ष से कम तथा 15 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

10.8 एक ही स्थान पर या एक से अधिक गतिविधियों के लिये विभिन्न आवेदकों को लायसेंस दिया जा सकेगा ।

10.9 ईको/साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लायसेंस देने की प्रक्रिया आदि हेतु पर्यटन विभाग विस्तृत दिशा निर्देश तय करेगा।

10.10 ग्रामीण एवं कृषि पर्यटन को बेहतर अधोसंरचनात्मक सुविधायें विकसित कर बढ़ावा दिया जायेगा एवं सशक्त बनाया जायेगा ।

10.11 साहसिक पर्यटन/कैम्पिंग गतिविधियों की स्थापना एवं संचालन के लिए पर्यटन विभाग के पास उपलब्ध भूमि लाइसेंस पर प्राप्त करने की पात्रता पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों को भी होगी ।

11. फिल्म टूरिज्म–

11.1 फिल्म निर्माताओं को स्थानीय स्तर पर शूटिंग की अनुमति प्राप्त करने के लिये विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। पर्यटन विभाग इन निर्माताओं को शासकीय विभागों से विधि मान्य अनुमतियां प्राप्त करने के लिये आवश्यक समन्वय करेगा। यह सेवा सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर (On Best Effort Basis) संबंधित निर्माता/ कम्पनी को दी जा सकती है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाहियां करने के लिये पर्यटन विभाग को अधिकृत करने संबंधी आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया जायेगा ।

11.2 फिल्म स्टूडियो एवं फिल्म निर्माण हेतु स्थायी अधोसंरचना निर्माण एवं उपकरणों की स्थापना पर पूंजीगत अनुदान दिया जायेगा ।

11.3 मध्यप्रदेश को फिल्म शूटिंग के आदर्श गंतव्य के रूप में स्थापित करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा ।

11.4 प्रदेश में उपलब्ध फिल्म पर्यटन संभावनाओं के पूर्ण उपयोग एवं प्रदेश को फिल्म टूरिज्म हेतु पसंदीदा गन्तव्य बनाने के लिये पृथक से समग्र फिल्म टूरिज्म पालिसी तैयार कर क्रियान्वित की जायेगी। नीति में फिल्म शूटिंग आदि हेतु विभिन्न अनुमतियां देने, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने एवं जिला स्तर तक सहयोग प्रदान करने के लिये आवश्यक व्यवस्थायें की जायेगी । प्रदेश में फिल्म शूटिंग पर आये व्यय में छूट देने पर भी विचार किया जायेगा ।

12. राज्य पर्यटन संवर्धन परिषद/जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की स्थापना –

12.1 राज्य स्तर पर राज्य पर्यटन संवर्धन परिषद स्थापित की जायेगी। यह परिषद माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में पर्यटन क्षेत्र के स्टेक होल्डर्स के नामांकन से गठित होगी । परिषद का गठन, उसकी कार्य पद्धति तथा सदस्यता निर्धारित करने की कार्यवाही पृथक से की जायेगी।

12.2 प्रदेश में निजी निवेशकों को आकर्षित करने तथा स्थानीय स्तर पर गंतव्य प्रबंधन में जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश के कई हिस्सों में स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी कार्यक्रम आयोजित होते हैं। अत: प्रत्येक जिला स्तर पर जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद (DTPC) का गठन किया जाएगा। इस परिषद के कार्यकलाप, अधिकार, संरचना आदि के संबंध में पर्यटन विभाग विस्तृत दिशा निर्देश जारी करेगा ।

12.3 पर्यटक स्थलों एवं पर्यटन क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न शासकीय विभागों के लोगों/ स्थानीय लोगों/ सर्विस प्रोवाइडर्स/ व्यवसायियों आदि को पर्यटक आचरण एवं व्यवहार के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार बनाने के लिये जिला पर्यटन संवधन परिषद के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरूकता आदि कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किये जायेंगे ।

13. जल पर्यटन–

13.1 नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, जल संसाधन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत आने वाले जल क्षेत्रों मे पर्यटन सम्भाव्यता के समूचित उपयोग की दृष्टि से पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु पर्यटन विभाग अधिकृत होगा ।

13.2 इन जल क्षेत्रों में स्थित तटीय एवं टापूओं की उपलब्ध भूमि पर्यटन विभाग द्वारा संबंधित विभाग से हस्तांतरित करायी जाकर निजी निवेशकों को विभागीय नीति अनुसार आवंटित की जायेगी ।

13.3 इन जल क्षेत्रों में वहन क्षमता (Carrying Capacity) को ध्यान में रखते हुए निजी निवेशकों को हाउस बोट क्रूज, मोटर बोट एवं जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए लायसेंस दिए जा सकेंगे। लायसेंस देने हेतु म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम अधिकृत होगा। जल क्षेत्र की वहन क्षमता, लायसेंस की प्रक्रिया शर्ते एवं फीस आदि निर्धारित करने हेतु इस नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति अधिकृत होगी ।

13.4 जल क्षेत्रों के समग्र पर्यटन नियोजन एवं अधोसंरचना विकास हेतु पर्यटन विभाग आवश्यक कार्यवाही करेगा ।

13.5 पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित जेटी/बोट क्लब/जेटी एवं बोट क्लब से लगी हुई भूमियों को जल पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु जल पर्यटन नीति अंतर्गत लायसेंस प्राप्त निवेशकों को उपलब्ध कराया जायेगा ताकि वे अपनी गतिविधियों का स्वतंत्र रूप से संचालन कर सकें ।

13.6 उपरोक्त कंडिका क्र. 13.5 में वर्णित कार्य सम्पादन हेतु मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड नोडल एजेंसी होगा एवं आवश्यक नियम एवं शर्ते तथा शुल्क आदि का निर्धारण करेगा ।

13.7 पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों को जल पर्यटन के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में जल पर्यटन गतिविधियों की स्थापना हेतु लाइसेंस देने में प्राथमिकता दी जाएगी ।

14. सम्पोषणीय पर्यटन (Sustainable Tourism) –

पर्यटन स्थलों का विकास एवं प्रबंधन ऐसा होना चाहिये कि वहां पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, स्थानीय परम्पराएं, संस्कृति एवं उत्पादों का प्रभावी संरक्षण हो। इसके लिये पर्यटन विभाग विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही विभिन्न गतिविधियों का गहन विश्लेषण कर ऐसी गतिविधियों को चिन्हित करेगा, जिनका समेकित पर्यटन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा हो तथा उन्हें रेग्युलेट करने अथवा रोकने के उपाय भी करेगा। जिन गतिविधियों का सकारात्मक प्रभाव हो उन्हें प्रोत्साहित करने के उपाय भी किये जायेंगे। इस हेतु समुदाय की सहभागिता तथा स्थानीय स्तर पर सूचना, संचार एवं शिक्षा (Information, Education & Communication) के विभिन्न कारकों का प्रभावी उपयोग किया जायेगा। इसमें राज्य शासन के विभिन्न विभागों की संयुक्त भागीदारी की आवश्यकता होगी, जो राज्य स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के माध्यम से की जा सकेगी।

15. युवाओं के लिये रोजगारोन्मुखी/ कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण –

15.1 युवाओं के लिये रोजगारोन्मुखी/ कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेन्ट (SIHM), मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी ट्रेनिंग (MPIHT) एवं फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट (FCI) के माध्यम से युवाओं को पर्यटन उद्योग हेतु आवश्यक ट्रेड/ क्षेत्रों में शिक्षित/प्रशिक्षित किया जायेगा ।

15.2 भारत शासन की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम सतत्

संचालित कर युवाओ को प्रशिक्षित किया जायेगा ।

15.3 राज्य के पर्यटन उद्योग की प्रशिक्षण आवश्यकता का आंकलन कर हॉस्पिटेलिटी, एडवेन्चर टूरिज्म, केटरिंग एंड फूड क्राफ्ट, प्रबंधन एवं कौशल विकास आदि क्षेत्रों में पाठ्यक्रम तैयार कर वित्त प्रतिपोषण किया जायेगा ।

15.4 मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी ट्रेनिंग (MPIHT) द्वारा सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा कोर्स राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों की सहभागिता से कराये जायेंगे। मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी ट्रेनिंग (MPIHT) को हॉस्पिटेलिटी प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा तथा इस संस्थान द्वारा कौशल विकास अंतर्गत प्रशिक्षितों का प्रमाणीकरण किया जायेगा ।

15.5 टूरिस्ट गाइड का चयन, प्रशिक्षण एवं प्रमाणीकरण भी MPIHT द्वारा किया जायेगा ।

16. निवेशक सहायता (Investor facilitation)–

16.1 इस नीति के अंतर्गत समस्त कार्यवाहियों हेतु मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा ।

16.2 निवेश संवर्धन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसीलिटेशन कार्पोरेशन (MPTRIFAC) / मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन (MPIDC) के सहयोग से कार्य किया जायेगा ।

16.3 जिला स्तर पर निवेश संवर्धन गतिविधियों के क्रियान्वयन, समन्वय, निवेशकों को पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना हेतु जिला स्तर पर प्रदाय की जाने वाली अनुमतियों/ पंजीयन/ अनापत्ति/लायसेन्स आदि के फेसिलिटेशन हेतु महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जो "एमपी इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन एक्ट 2008" के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय साधिकार समिति के सचिव हैं, को नोडल एजेंसी नामांकित किया जायेगा ।

16.4 महाप्रबंधक द्वारा पर्यटन संबंधी निवेश प्रस्ताव कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित उपरोक्त समिति के माध्यम से निराकृत कराने की व्यवस्था की जायेगी । जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को इस हेतु आवश्यक सहयोग पर्यटन विभाग/मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा ।

17. मार्ग सुविधा केन्द्रों का विकास –

प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर योजना बनाकर लगभग प्रति 40 से 50 कि.मी. की दूरी पर उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं का विकास, पर्यटन विभाग द्वारा जारी "मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति–2016" के अनुसार किया जायेगा।

पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित ब्राउन फील्ड मार्ग सुविधा केन्द्रों तथा ग्रीन फील्ड मार्ग सुविधा केन्द्रों की स्थापना हेतु भूमि के आवंटन के लिए पर्यटन हेतु गठित पंजीकृत सहकारी समितियों को निविदा में भाग लेने की पात्रता होगी ।

18. पर्यटन को उद्योग के समान सुविधाएं –

नीति की कंडिका 5 में वर्णित परियोजनाओं को उद्योगों के समान निम्नानुसार सुविधायें प्रदान की जायेगी:–

18.1 पर्यटन परियोजनाओं को औद्योगिक दरों पर विद्युत प्रदाय करने का प्रयास किया जायेगा ।

18.2 प्रदेश में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित/ विकसित किये जाने वाले औद्योगिक क्षेत्रों/ औद्योगिक पार्कों/ इंडस्ट्रीयल सिटी/ आई.टी. पार्कस् में एमेनिटीज हेतु आरक्षित भूमि पर्यटन इकाईयों की स्थापना हेतु विभागीय नीति के अंतर्गत औद्योगिक दरों पर सेवा क्षेत्र की इकाईयों के रूप में आवंटित की जायेगी ।

18.3 पर्यटन परियोजनाओं हेतु भूमियों के व्यपवर्तन पर औद्योगिक दरों पर डायवर्सन शुल्क लिया जायेगा ।

18.4 पर्यटन परियोजनाओं को जल संसाधन विभाग द्वारा प्राकृतिक जल स्रोतों से औद्योगिक दरों पर जल उपयोग की अनुमति प्रदान की जायेगी ।

18.5 पर्यटन परियोजनाओं हेतु निर्मित भवनों एवं भूमियों पर स्थानीय निकायों द्वारा औद्योगिक दरों पर संपत्ति कर/ विकास शुल्क आरोपित किया जायेगा ।

19. समग्र पर्यटन विकास हेतु विशेष प्रयास –

19.1 मध्यप्रदेश के पर्यटन उत्पादों के विपणन एवं विज्ञापन तथा ब्रांडिंग के लिये राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय पर्यटक बाजारों तक पहुंच बनायी जायेगी ।

19.2 नये पर्यटन उत्पाद विकसित करने मे गैर–सरकारी संस्थाओं, व्यावसायिक संस्थानों एवं विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा एवं उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा ।

19.3 डिजीटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म सहित संचार के सभी माध्यमों का विपणन, प्रचार एवं ब्रांडिंग में योजना बनाकर उपयोग किया जायेगा।

19.4 निजी क्षेत्र के सफल पर्यटन उद्यमियों की विशेषज्ञता एवं श्रेष्ठता का लाभ उठाया जायेगा एवं ऐसे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.5 निजी ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स को पर्यटन क्षेत्रों से सम्बद्ध करते हुये गुणवत्ता पूर्ण परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.6 स्थानीय निकायों विशेषकर नगर पालिकाओं एवं नगर निगमों को हेरिटेज परिसंपत्तियों एवं अन्य पर्यटन महत्ता के स्थलों के संरक्षण एवं गुणवत्ता पूर्ण जन सुविधाओं की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

19.7 देशी एवं विदेशी पर्यटकों के लिये पूर्व नियत प्रवास पैकेज (Fixed Tours) विकसित किये जायेंगे एवं विपणन किया जायेगा।

19.8 विकसित/विकास संभावित पर्यटन क्षेत्रों का समुचित एवं संतुलित विकास मास्टर प्लॉन बनाकर किया जायेगा।

19.9 नई पीढ़ी में पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये शालाओं एवं महाविद्यालयों में विविध गतिविधियां संचालित की जायेगी तथा उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

19.10 पर्यटन क्षेत्र में निवेश इच्छुक उद्यमियों को परियोजना स्थापना के लिये पूर्ण मदद हेतु आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जायेगी।

19.11 पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु विभिन्न श्रेणियों में "मध्यप्रदेश पर्यटन पुरस्कार" प्रदान किये जायेंगे।

19.12 निजी निवेशकों द्वारा स्थापित पर्यटन परियोजनाओं को विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जायेगा ।

19.13 विभाग के मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एवं मार्केटिंग कार्यालयों के माध्यम से विभागीय होटल/रिसोर्टस आदि की मार्केटिंग के साथ-साथ निजी होटल/रिसोर्टस आदि पर्यटन परियोजनाओं की मार्केटिंग की जायेगी ।

19.14 प्रदेश में स्थित विश्व प्रसिद्ध हेरिटेज पर्यटक स्थलों में पर्यटक सुविधाऐं विकसित कर पर्यटन अनुकूल बनाया जाएगा एवं ऐसे स्थलों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा ।

19.15 धार्मिक पर्यटन के अन्तर्गत प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थानों में पर्यटक सुविधाऐं निर्मित कर पर्यटन अनुकूल बनाया जाएगा ।

20. पर्यटन नीति का क्रियान्वयन-

पर्यटन नीति-2016 के अंतर्गत वांछित सुविधाएं/ रियायतें/अनुज्ञप्तियां आदि देने के लिये संबंधित विभाग आवश्यक दिशा-निर्देश/अधिसूचनाएं/ नियम जारी करेंगे। इस संबंध में मत-भिन्नता अथवा कठिनाई होने पर अथवा नीति के स्पष्टीकरण/व्याख्या/ विवाद-निराकरण के प्रकरणों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निम्नानुसार गठित साधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा -

- प्रमुख सचिव, वित्त
- प्रमुख सचिव, पर्यटन
- प्रमुख सचिव, वन
- प्रमुख सचिव, संस्कृति
- प्रकरण से संबंधित विभागों के प्रभारी सचिव
- प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम इसके सदस्य सचिव होंगे ।

यह समिति प्रचलित नीति के अनुरूप निर्णय ले सकेगी । यह निर्णय अंतिम होगा तथा संबंधित विभाग द्वारा इसका क्रियान्वयन अनिवार्यतः किया जायेगा । यह समिति इस नीति के अंतर्गत यथा उल्लेखित दायित्वों का निर्वहन करेगी ।

यह समिति पर्यटन नीति के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर निवेशकों/विभिन्न स्टेक होल्डर्स से प्राप्त सुझावों/शिकायतों के संबंध में विचार कर निर्णय ले सकेगी । समिति द्वारा लिये गये निर्णयों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही आवश्यक होगी ।

21. निरसन-

21.1 नवीन नीति के लागू होने के दिनांक से "पर्यटन नीति-2010 (यथा संशोधित-2014)" निरसित मान्य की जायेगी तथापि पूर्व नीति के लागू रहने की अवधि में विभिन्न अनुदानों एवं सुविधाओं हेतु पात्र इकाईयां पूर्व नीति के प्रावधानों के अंतर्गत यथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाभ प्राप्त कर सकेंगी ।

21.2 नवीन नीति के लागू होने के दिनांक से "मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास हेतु, पर्यटन विभाग को आवंटित शासकीय भूमियों का नीलामी द्वारा निवर्तन की नीति-2008 (यथा संशोधित-2014)" निरसित मान्य की जायेगी ।

पर्यटन विभाग को आवंटित शासकीय भूमियों का नीलामी द्वारा निवर्तन की प्रक्रिया

पर्यटन नीति में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति व पर्यटन विकास के लिए, पर्यटन विभाग को आवंटित नजूल, बाह्य नजूल अथवा ग्रामीण क्षेत्र की भूमियों/हैरिटेज परिसंपत्तियों का नीलामी द्वारा निवर्तन निम्नानुसार प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा :–

1. सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति व पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग को शासकीय भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति निःशुल्क आवंटित कर अन्तरित की जाएगी।

1.1 तद्नुसार अंतरित एवं आवंटित भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति के निवर्तन हेतु, पर्यटन विभाग का उपक्रम मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 (जिसे आगे निगम कहा जावेगा), प्रोसेस मैनेजर होगा। प्रोसेस मैनेजर के रूप में निगम द्वारा मुख्यतः व्यावसायिक सलाहकारों का चयन, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R.) तैयार करना, अभिरूचियॉ आमंत्रित करना (E.O.I) पारदर्शी रूप से नीलामी प्रक्रिया संचालित करना आदि शामिल होगा। प्रोसेस मैनेजर (निगम) द्वारा निवर्तन हेतु आवश्यकतानुसार निविदा दस्तावेज (RFP) एवं शर्तें अथवा अभिरूचि अभिव्यक्ति (E.O.I) के दस्तावेज भी तैयार करवाए जावेंगे। निगम द्वारा उक्त दायित्वों का निर्वहन निम्नानुसार किया जाएगाः–

1.1.1 निगम को पर्यटन विभाग को अंतरित भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति की पहचान, चिन्हाकन एवं उसके संबंध में निर्धारित दस्तावेजों को तैयार करने के लिये अधिकृत किया जाता है। निगम इन दस्तावेजों को तैयार करने के लिये आवश्यकतानुसार जानकारी संबंधित जिले के कलेक्टर से प्राप्त करेगा।

1.1.2 निगम द्वारा अन्तरित भूमि का स्वामित्व पर्यटन विभाग के पक्ष में राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज होने की पुष्टि उपरान्त, इस भूमि के चिन्हांकन, भू–उपयोग, रकबा, कब्जा पत्रक आदि बाबत् जानकारी तैयार कर वांछित प्रतिवेदन (परिशिष्ट–**क**) पर्यटन विभाग को भूमि के निवर्तन हेतु प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के लिये प्रेषित किया जायेगा।

1.1.3 आवश्यकता होने पर व्यावसायिक सलाहकार का चयन निगम द्वारा किया जावेगा तथा इसके उपरान्त व्यावसायिक सलाहकार के माध्यम से प्रश्नाधीन अन्तरित भूमि पर पर्यटन विकास संबंधी गतिविधि हेतु आवश्यकता अनुसार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R.), निविदा दस्तावेज एवं शर्तें अथवा अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (E.O.I.) संबंधी दस्तावेज तैयार करवाया जायेगा।

1.1.4 निगम उपरोक्तानुसार तैयार किए दस्तावेजों में जहां आवश्यक हो, यह भी अनुशंसित कर सकेगा, कि सफल निविदाकर्ता को आधिपत्य प्राप्त करने की तिथि से एक वर्ष के भीतर कौन–कौन से कार्य भौतिक तौर पर संपादित करना अनिवार्य रहेगा। परियोजना क्रियान्वयन हेतु आवश्यक अनुमतियां, अनापत्ति आदि निवेशक को प्राप्त करना होगा।

1.2 आरक्षित मूल्य, प्रीमियम एवं भू–भाटक :–

1.2.1 नगरीय निकायों (नगर निगम एवं नगर पालिका की सीमा के अंतर्गत क्षेत्रों में एवं प्लान एरिया में रूपये 10.00 लाख प्रति हेक्टेयर की दर से आरक्षित मूल्य की गणना की जायेगी।

1.2.2 हैरीटेज महत्व के भवनों के निवर्तन के लिए भवन एवं आनुषांगिक भूमि का कुल आरक्षित मूल्य रूपये एक लाख रखा जावेगा। निवर्तन के लिए हैरिटेज भवनों एवं आनुषांगिक भूमि का चिन्हांकन एवं चयन पर्यटन नीति अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा किया जावेगा।

1.2.3 उपरोक्त कंडिका 1.2.1 में उल्लेखित भूमियों को छोड़कर शेष अन्य स्थलों पर भूमि के आरक्षित मूल्य की गणना रूपये 5.00 लाख प्रति हेक्टेयर के दर से की जायेगी।

1.2.4 मार्ग सुविधा केंद्रों की भूमि एवं भवन का निवर्तन "मार्ग सुविधा केंद्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति– 2016" अनुसार किया जावेगा।

1.2.5 उक्त भूमि का भू–भाटक (Lease Rent) भूमि आवंटन हेतु स्वीकार किये गए प्रीमियम का एक प्रतिशत वार्षिक होगा।

1.2.6 भूमि पर भू–भाटक, पट्टा विलेख के निष्पादन की तारीख के बाद आने वाले मार्च महीने की 31 तारीख तक प्रथम वार्षिक लीज रेंट के रूप में लिया जायेगा, उसके पश्चात् आगामी वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल की 1 तारीख से पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिये देय होगा।

2. पर्यटन विभाग से उक्त भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति के निवर्तन की अनुमति प्राप्त कर, निगम के प्रबंध संचालक, अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (Expression of Interest)/निविदा आमंत्रण का विज्ञापन प्रसारित करेंगे। अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण /निविदा आमंत्रण सूचना में प्रस्ताव जमा करने के लिए न्यूनतम 30 दिन का समय दिया जावेगा। यह कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी:–

2.1 निविदा आमंत्रण/अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण–भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति नीलामी द्वारा निवर्तन की सूचना का प्रकाशन निगम द्वारा आवश्यकतानुसार देश/प्रदेश के मुख्य समाचार –पत्रों में किया जाएगा। व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सूचना का प्रकाशन दोहराया भी जा सकेगा। अन्य विश्वसनीय तरीके से इस तथ्य का व्यापक प्रचार–प्रसार निगम द्वारा कराया जाएगा कि भूमि की बिक्री नीलामी द्वारा की जानी है। सूचना का प्रकाशन निगम/विभाग की बेवसाईट पर भी किया जाएगा।

निविदा की सूचना का प्रारूप **"परिशिष्ट–ख"** में संलग्न है। इस प्रारूप में परियोजना के अनुसार आवश्यक संशोधन, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जा सकेगा।

2.2 प्राप्त निविदाओं का परीक्षण –

2.2.1 अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (E.O.I.) अथवा निविदा आमंत्रण के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर तकनीकी अर्हताओं का परीक्षण निम्नानुसार गठित परीक्षण समिति के द्वारा किया जायेगा:–

(i) संचालक पर्यटन संवर्धन इकाई

(ii) महाप्रबंधक (वित्त)

(iii) निगम के चार्टर्ड अकांउटेंट

(iv) व्यावसायिक सलाहकार (यदि कोई हो, तो)

2.2.2 तकनीकी अर्हताओं के परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये निविदाकारों की वित्तीय निविदा के मूल्यांकन हेतु निम्नानुसार समिति गठित की जाती है:-

(i) प्रबंध संचालक (अथवा प्रबंध संचालक द्वारा नामांकित अपर प्रबंध संचालक / कार्यपालिक निदेशक) पर्यटन निगम – अध्यक्ष

(ii) लेखा अधिकारी आयुक्त पर्यटन कार्यालय – सदस्य

(iii)निगम के चार्टर्ड अकांउटेंट – सदस्य

(iv)व्यावसायिक सलाहकार(यदि कोई हो, तो) – सदस्य

(v) संचालक पर्यटन संवर्धन इकाई – सदस्य सचिव

2.3 अभिरूचि अभिव्यक्ति आमंत्रण (E.O.I.) के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण हेतु उक्त समिति द्वारा इस परियोजना विशेष हेतु नियुक्त व्यावसायिक सलाहकार का अभिमत प्राप्त कर Pre-condition/Eligibility Criterion के मापदण्ड निर्धारित करेगी। इन मापदण्डों के आधार पर मूल्यांकन समिति (E.O.I.) के तहत प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण उपरान्त पात्र इच्छुक आवेदकों के मध्य निर्धारित निविदा शर्तों एवं प्रावधानों के तहत वित्तीय प्रस्ताव बुलाए जाने की कार्यवाही करेगी। इस परीक्षण के तहत पात्र पाए गए इच्छुक आवेदकों को Request For proposal दस्तावेज प्रेषित किया जाकर, इन पात्र आवेदकों के मध्य सीमित प्रतिस्पर्धा के तहत निर्धारित निविदा शर्तों एवं प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव प्राप्त किए जा सकेंगे।

2.4 (E.O.I.) अथवा सीधे निविदा आमंत्रण से प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों का आवश्यक परीक्षण उक्त "मूल्यांकन समिति" करेगी तथा उपरोक्त वित्तीय प्रस्ताव अपनी अनुशंसा सहित प्रशासकीय विभाग को परिशिष्ट–ग में अपना प्रतिवेदन निर्णय हेतु प्रस्तुत करेगी।

2.5 "मूल्यांकन समिति" के वित्तीय प्रस्ताव प्राप्ति के 45 दिन के भीतर प्रशासकीय विभाग प्रस्ताव स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के संबंध में अंतिम निर्णय लेकर पर्यटन निगम को सूचित करेगी अन्यथा उच्चतम प्रस्तावदाता को यह अधिकार होगा कि उसके द्वारा जमा कराई गई धरोहर राशि वापस लेते हुए निविदा से बाहर हो जाए ।

2.6 प्रथम उच्चतम के अलावा शेष प्रस्तावदाताओं की धरोहर राशि निगम द्वारा भेजे गये वित्तीय प्रस्ताव पर राज्य सरकार से प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त होने के तत्काल बाद वापस कर दी जायेगी ।

2.7 राज्य शासन से निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर निगम सफल निविदाकार को इस स्वीकृति की सूचना देगा । उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर (धरोहर राशि समायोजन पश्चात्) शेष राशि उच्चतम् प्रस्तावदाता को जमा करना आवश्यक होगा । 60 दिन के भीतर राशि न जमा कराने पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से अधिकतम 4 माह का समय और दिया जावेगा । औचित्यपूर्ण कारणों से निवेशक द्वारा 4 माह की अवधि ली जाने पर भी राशि जमा किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है तो गुण दोष के आधार पर प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड इस अवधि को बिड ड्यू डेट से एक वर्ष तक के लिये 12 प्रतिशत ब्याज सहित बढ़ा सकेंगे ।

2.8 यदि निर्धारित समयावधि में उच्चतम प्रस्तावदाता द्वारा शेष राशि जमा नहीं की जाती है तो युक्ति–युक्त कारण के साथ राशि जमा करने हेतु एक अवसर विशेष अनुमति स्वरूप एक माह का अंतिम समय दिया जायेगा। यदि उक्त समय में भी शेष राशि जमा नहीं की जाती तो धरोहर राशि राजसात करते हुए आवंटन कार्यवाही निरस्त कर दी जाएगी और भूमि की पुनः नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में ऐसा निविदाकार पुनः नीलामी में व्यक्तिगत, भागीदारी या कंर्सोशियम के सदस्य के रूप में भाग नहीं ले सकेगा।

2.9 चिन्हित शासकीय भूमियों/भूमि जिस पर परिसंपत्तियां निर्मित है एवं जो पर्यटन विभाग को हस्तांतरित है अथवा की जायेगी, को 90 अथवा 30 वर्ष की लीज पर देने, 5 से 30 वर्ष के लिए लाइसेंस पर देने अथवा विकास/प्रबंधकीय अनुबंध के माध्यम से विकसित करने के संबंध में अंतिम निर्णय पर्यटन विभाग द्वारा लिया जायेगा ।

2.10 लीज पर दी गई भूमियों से प्राप्त होने वाली निविदा राशि एवं वार्षिक (प्रीमियम) लीज रेंट की राशि, भूमियों के निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास हेतु निगम द्वारा पृथक मद "शासकीय भूमियों का निवर्तन एवं अधोसंरचना विकास" में रखी जायेगी। यह राशि, भूमियों के सर्वे, हस्तांतरण, विद्युत/सड़क/जल प्रदाय, ऐरिया प्लानिंग, ऐरिया डेवलपमेंट, परिसंपत्तियों की सुरक्षा व अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकास में निगम द्वारा व्यय की जा सकेगी।

2.11 सफल निविदाकर्ताओं से परियोजना लागत की 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 2.00 करोड़ तक की परफार्मेन्स सिक्यूरिटी, बैंक गारंटी/सावधि जमा रसीद के रूप में प्राप्त की जायेगी, जो कि परियोजना के सफल संचालन के 3 वर्ष पश्चात लौटाई जायेगी ।

2.12 समस्त राशियां प्राप्ति उपरांत पर्यटन विभाग द्वारा उच्चतम प्रस्तावदाता के पक्ष में पट्टा विलेख निष्पादित किया जाएगा, जिसे प्रस्तावदाता स्वयं के व्यय पर भारतीय मुद्रांक अधिनियम के प्रावधानानुसार 90 दिन के भीतर पंजीकृत करवाएगा। पंजीकृत पट्टा विलेख की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि पर्यटन विभाग को प्रस्तुत किए जाने पर भूमि का कब्जा निगम द्वारा सफल निविदाकर्ता को सौंपा जाएगा।

2.13 राज्य सरकार को किसी भी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। इस संबंध में राज्य सरकार का अंतिम निर्णय प्रस्तावदाताओं को मान्य होगा।

2.14 निगम द्वारा निविदा दस्तावेज/E.O.I. आदि में इस बात का उल्लेख किया जाएगा कि परियोजना पूर्ण करने की अवधि क्या होगी। आधिपत्य प्राप्ति की तिथि से एक वर्ष के भीतर स्थल पर सफल प्रस्तावकर्ता द्वारा आवश्यक अनुमतियां/ अनापत्तियां आदि प्राप्त कर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। परियोजना समयावधि में पूर्ण न होने की दशा में युक्ति–युक्त कारण एवं प्रभावी कदमों के आधार पर प्रस्तावकर्ता द्वारा आवेदन देने पर दो बार एक –एक वर्ष की अवधि के लिये समय–सीमा बढायी जा सकेगी। उक्त अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी कार्य पूर्ण न होने की दशा में परफार्मेंस बैंक गारंटी राजसात की जा सकेगी तथा पट्टा निरस्त किया जा सकेगा और समस्त जमा राशियॉ राजसात हो जावेगी।

2.15 पट्टा विलेख निष्पादित करने के लिए पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि के रूप में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम अधिकृत होंगे।

2.16 निविदा धरोहर राशि (बिड सिक्योरिटी) सामान्यत: आरक्षित मूल्य के 10 प्रतिशत के समकक्ष किन्तु अधिकतम रूपये 20.00 लाख तक होगी। विशेष मामलों में यह धरोहर राशि तय करने हेतु प्रबंध संचालक अधिकृत होंगे।

2.17 पट्टा विलेख में संशोधन हेतु प्रचलित पर्यटन नीति के अन्तर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति अधिकृत होगी ।

परिशिष्ट–क

प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल का प्रस्ताव

(संदर्भ कंडिका 1.1.2)

क्रमांक..... दिनांक.....

1. पर्यटन विभाग को प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में, उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति एवं पर्यटन विकास के लिए खसरा नम्बर/नजूल शीट नम्बर..... रकबा..... तहसील.....जिला .....पर प्रतिस्थापित होने वाली भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति निःशुल्क आवंटित की गई है। कलेक्टर जिला .....के द्वारा इस भूमि का अन्तरण पर्यटन विभाग को किया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यटन विकास निगम को प्रोसेस मैनेजर नियुक्त किया गया है, तद्नुसार निगम द्वारा निवर्तन संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया/सम्पन्न करने हेतु प्रशासकीय विभाग को अनुमोदन हेतु यह प्रस्ताव प्रेषित है।

2. समस्त अभिलेखों के परीक्षण एवं उपलब्ध जानकारी के आधार पर पर्यटन विभाग को आवंटित निम्नानुसार भूमियों के/ हैरिटेज परिसंपत्तियों के चक (ब्लॉक) को निजी निवेश के माध्यम से नीलामी द्वारा निवर्तन के लिये उपयुक्त पाया गया–

स.क्र.	राजस्व ग्राम जहां भूमि का चक स्थित है।	इस चक में शामिल खसरा नं. एवं रकबा	क्षेत्रफल एवं नोईयत (खसरा पांच साला, P-II form के कॉलम नम्बर 2 की प्रविष्टि) (खसरा नम्बर वार)	भूमि के चक की चतुर सीमा / एवं उस पर स्थित हैरिटेज परिसंपत्ति का ब्यौरा	कब्जेदार/भूमि स्वामी का नाम एवं विवरण (खसरा पांच साला, P-II form के कॉलम नम्बर 3 की प्रविष्टि)	कैफियत विवरण (कॉलम नं. 12 की प्रविष्टि)	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति की वर्तमान में मौके की स्थिति
1	2	3	4	5	6	7	8

3. उपरोक्त बिन्दु 2 में उल्लेखित भूमियों के चक का/ हैरिटेज परिसंपत्ति का प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति एवं पर्यटन विकास हेतु, नीलामी से निवर्तन बाबत् उपयुक्तता के संबंध में विश्लेषणात्मक टीप निम्नानुसार हैः–

3.1	प्रदेश में प्रचलित पर्यटन नीति में उल्लेखित किस उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, किस प्रकार की पर्यटन विकास संबंधी गतिविधि प्रश्नाधीन भूमि पर संचालित की जाना प्रस्तावित हैः–	
3.2	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति के चक में आने वाले खसरा नं. का नगर विकास योजना में चिन्हांकित भू–उपयोग..... (यदि हो तो)	
3.3	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति पट्टा विलेख की अवधि	
3.4	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति का आरक्षित मूल्य	
3.5	भूमि पर वसूल योग्य वार्षिक भू–भाटक/भू–राजस्व	
3.6	सीमांकन, स्टेशन सर्वे उपरान्त, मौके पर भूमि की चतुर सीमाओं का चिन्हितिकरण किया गया है या नहीं।	
3.7	भूमि की/हैरिटेज परिसंपत्ति की लोकेशन, क्षेत्रफल एवं महत्व को देखते हुए, इसके आवंटन हेतु निविदा में भाग लेने वाले आवेदकों/निविदाकारों की प्रस्तावित नेटवर्थ रूपये में (प्रति हेक्टेयर रूपये एक करोड़ अधिकतम के मान से)	
3.8	निविदा दस्तावेज एवं निविदा शर्तों का प्रारूप संलग्न है अथवा नहीं	
3.9	निविदा आमंत्रण (NIT) सूचना का प्रारूप संलग्न है अथवा नहीं	
3.10	संलग्न निविदा दस्तावेज की तकनीकी निविदा में उल्लेखित प्रमुख प्रावधानों एवं प्रमुख निविदा शर्तों का विवरण संलग्न है या नहीं	
3.11	अन्य सुसंगत दस्तांवेज यदि कोई हो तो उनका उल्लेख	

4. उक्त भूमियों के परीक्षण के दौरान नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से भू–उपयोग संबंधी जानकारी, विस्तृत सीमांकन प्रतिवेदन, भूमि का स्पष्ट नजरी नक्शा (लोकेशन प्लान) खसरा नकल एवं नक्शा, अक्स एवं अन्य अभिलेख/सहपत्र (अगर कोई हो तो) संलग्न है।

5. अतः उपरोक्तानुसार बिन्दु क्रमांक 2 की तालिका में उल्लेखित भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति सभी विवादों से मुक्त होकर पर्यटन विभाग के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमियाँ/परिसंपत्तियां है। इन भूमियों/परिसंपत्तियों का पर्यटन संबंधी गतिविधियों के तहत नीलामी से निवर्तन की अनुशंसा की जाती है।

भोपाल–
दिनांक–

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमि., भोपाल

परिशिष्ट–ख

कार्यालय प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि. भोपाल

(देखे कंडिका 2.1)

भूमि/ हैरिटेज परिसंपत्ति के निवर्तन हेतु निविदा की सूचना

म.प्र. शासन की नीति अनुसार नीचे दर्शाए गए विवरण अनुसार पर्यटन विभाग के स्वामित्व की भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति की प्रतिस्पर्धात्मक निविदा पद्धति से नीलाम किया जाना है:–

1. जिला .....

2. तहसील.....

3. पटवारी हल्का नं.....

4. वार्ड क्रमांक (नगरीय क्षेत्र में).....

5. स्थल.....

6. भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति का विवरण

स.क्र.	खसरा क्रमांक/नजूल शीट क्रमांक एवं भूमि क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर/वर्गमीटर)/ एवं निर्मित/हैरिटेज परिसंपत्तियां	प्रयोजन	लीज की अवधि	आरक्षित मूल्य	वार्षिक लीज रेंट
1	2	3	4	5	6	7

7. निविदा शुल्क .....

8. धरोहर राशि .....

निविदा संबंधी विवरण शर्तें प्रक्रिया आदि वेबसाइट ..... से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
भोपाल

परिशिष्ट– ग

निविदा दस्तावेजों का परीक्षण एवं वित्तीय निविदा मूल्यांकन प्रतिवेदन

(संदर्भ कंडिका 2.2.2 एवं 2.4)

1. पर्यटन विभाग के स्वामित्व की भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति जो जिला ..... तहसील ..... ग्राम..... के खसरा नम्बर/नजूल शीट क्रमांक ..... एवं रकवा ..... पर प्रतिस्थापित है, पर पर्यटन विकास संबंधी ..... गतिविधियों हेतु तैयार की गई परियोजना के तहत, नीलामी से निवर्तन की अनुमति मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग के पत्र क्रमांक ..... दिनांक ..... द्वारा प्राप्त हुई हैं। तद्नुसार निर्धारित पर्यटन संबंधी गतिविधि हेतु उक्त भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति की नीलामी के लिए परियोजना का उल्लेख करते हुए निविदा आमंत्रण सूचना (एन.आई.टी.) दिनांक..... को पर्यटन विभाग द्वारा अनुमोदित प्रारूप में, समाचार पत्रों ..... में प्रकाशित की गई। (अगर E.O.I. के तहत् पात्र इच्छुक आवेदकों के मध्य सीमित प्रतिस्पर्धा के तहत् R.F.P. दस्तावेज दिए जाकर, निविदाएँ प्राप्त की गई हों, तो तद्नुसार इस पैरा एवं अगले पैरा में आवश्यक संशोधन किए जावें। इसमें, E.O.I. के तहत् प्राप्त प्रस्तावों का, किन मापदण्डों के तहत् पात्रता/अपात्रता का निर्धारण किया गया है, उसका विस्तृत विवरण दिया जावे।)

2. नीलामी सूचना का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तर के प्रमुख समाचार पत्रों में कराया गया। साथ ही निगम की वेबसाईट..... पर अपलोड किया गया तथा निविदा दस्तावेज वेबसाईट..... पर डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। निविदा प्राप्ति के लिए 30 दिवस के पष्चात् की तारीख नियत की गई

3. (क) निविदा की प्राप्ति के लिए नियत की गई तारीख ..... को ..... बजे तक निम्नलिखित निविदाकारों की निविदायें प्राप्ति हुईं :–

1.....

2.....

3.....

(ख) उपरोक्त निविदाओं की तकनीकी पात्रता परीक्षण हेतु दिनांक ..... को ..... के कार्यालय में आयोजित परीक्षण समिति की बैठक में उपस्थित निविदाकरों के समक्ष धरोहर राशि एवं पात्रता संबंधी शर्त का परीक्षण किया गया। इस समिति की बैठक में निम्नानुसार अधिकारी उपस्थित हुएः–

1.....

2.....

3.....

प्रत्येक निविदाकार द्वारा प्रस्तुत पात्रता संबंधी जानकारी एवं धरोहर राशि का कॉलमवार तुलनात्मक पत्रक, समिति द्वारा प्रमाणित इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न हैं। इस तुलनात्मक पत्रक के आधार पर निम्न निविदाकार तकनीकी पात्रता संबंधी शर्तों के तहत पात्र पाये गयेः–

1.....

2.....

3.....

इसी प्रकार निविदा के तकनीकी पात्रता के परीक्षण के तहत अपात्र पाये गये निविदाकरों की जानकारीमय अपात्रता के कारण सहित निम्नानुसार संलग्न हैः–

स.क्र.	अपात्र पाये गये निविदाकारों का नाम एवं विवरण	अपात्रता का कारण
1	2	3

(ग) उक्त कंडिका ख में निविदाओं की तकनीकी पात्रता के परीक्षण उपरान्त पात्र पाये गये निविदाकारों का वित्तीय प्रस्ताव दिनांक ..... को, ... के कार्यालय में मूल्यांकन समिति के निम्नलिखित सदस्यों के समक्ष खोला गया। इस समय निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

1.....

2.....

3.....

कंडिका ''ख'' के तहत पात्र निविदाकारों के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने उपरान्त निम्नानुसार ऑफर मूल्य प्राप्त हुआः–

सरल क्रमांक	निविदाकार का नाम एवं विवरण	भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति के लिये आरक्षित किया गया मूल्य (अपसेट प्राईज)	निविदाकार द्वारा ऑफर किया गया मूल्य	रिमार्क
1	2	3	4	5

4. उक्त कंडिका 3 ''ख'' में अपात्र पाये गये निविदाकारों का वित्तीय प्रस्ताव नहीं खोला गया। पात्र निविदाकारों के उपरोक्त वित्तीय ऑफर के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि निविदाकार ..... (नाम एवं विवरण) के द्वारा प्रश्नाधीन भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति, जो खसरा नम्बर/नजूल शीट क्रमांक एवं भूमि क्रमांक ..... कुल रकबा ..... पर प्रतिस्थापित होकर राजस्व ग्राम..... पर स्थित है, पर निर्धारित पर्यटन विकास संबंधी गतिविधि करने हेतु भूमि/हैरिटेज परिसंपत्ति का अधिकतम ऑफर मूल्य/ ..... रूपये ..... दिया है। अतः मूल्यांकन समिति सर्वसम्मति से अधिकतम ऑफर मूल्य के निविदाकार ..... (नाम एवं विवरण) के पक्ष में यह निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने की अनुशंसा करती है। (अस्वीकृति के आधार स्पष्ट कर दें)

हस्ताक्षर प्रबंध संचालक अथवा नामांकित प्रतिनिधि म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम	हस्ताक्षर लेखा अधिकारी, आयुक्त पर्यटन कार्यालय	हस्ताक्षर व्यावसायिक सलाहकार
हस्ताक्षर महाप्रबंधक (वित्त)	निगम के चार्टर्ड अकांउटेंट	संचालक (पर्यटन संवर्धन इकाई)

मध्यप्रदेश शासन
पर्यटन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

हैरिटेज परिसंपत्ति प्रमाणीकरण गाइडलाइन एवं प्रक्रिया 2019

प्रदेश की पर्यटन प्रयोजन हेतु हैरिटेज परिसंपत्तियों के प्रमाणीकरण के लिए निम्नानुसार गाइडलाइन एवं प्रक्रिया निश्चित की जाती है :–

1. हैरिटेज संपत्ति की परिभाषा :–

हैरिटेज संपत्ति का तात्पर्य दिनांक 01/01/1950 से पहले निर्मित किले, महल, शिकार लॉज या निवास से है ।

एक हैरिटेज संपत्ति में, क्षेत्र, वास्तुशिल्प सुविधाओं और सामान्य निर्माण में क्षेत्र के जीवन के पारंपरिक तरीके को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट गुण और वातावरण होना चाहिए । इस श्रेणी के लिए विचार की जाने वाली संपत्ति की वास्तुकला को आमतौर पर यथारूप रखा जाना चाहिए । मौजूदा संरचनाओं में कोई विस्तार, सुधार, नवीकरण, परिवर्तन पारंपरिक वास्तुशिल्प शैलियों और पुराने के साथ नए को सामंजस्य बनाने वाली रचनात्मक तकनीकों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए था । जोड़ा गया नया निर्मित क्षेत्र पुरानी और नई संरचनाओं सहित कुल निर्मित (प्लिंथ) क्षेत्र का 50% से अधिक नहीं होना चाहिए । इस प्रयोजन के लिए, स्विमिंग पूल, लॉन आदि जैसी सुविधाओं को बाहर रखा जाएगा ।

2. पात्रता :–

एक व्यक्ति / फर्म / पार्टनरशिप फर्म / पब्लिक लिमिटेड कंपनी / प्राइवेट लिमिटेड कंपनी / लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (LLP) / HUF / ट्रस्ट / रजिस्टर्ड पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर सर्टिफिकेट ऑफ हैरिटेज के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे ।

3. संलग्न किए जाने वाले आवेदन और दस्तावेज :–

निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ **परिशिष्ट – 2.1** में संलग्न निर्धारित आवेदन पत्र प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को प्रस्तुत किया जाएगा ।

3.1 तहसीलदार या स्थानीय निकाय या पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा जारी की गई संपत्ति की आयु का प्रमाण ।

3.2 संपत्ति का नक्शा जो विधिवत रूप से पंजीकृत आर्किटेक्ट / सिविल इंजीनियर द्वारा तैयार किया गया हो । (आर्किटेक्ट की पंजीकरण क्रमांक का उल्लेख प्रमाण पत्र में हो) ।

3.3 आर्किटेक्ट / सिविल इंजीनियर की रिपोर्ट संलग्न हो जिसमें निम्नानुसार विवरण हो:–

3.4 क्षेत्रफल

(i) कुल क्षेत्रफल: (वर्गमीटर में).....(शब्दों में) .....(वर्गमीटर)

(ii) खुला क्षेत्र (वर्गमीटर में).....(शब्दों में) ..... (वर्गमीटर)

3.5 निर्मित क्षेत्र: –

(i) (01/01/1950 से पहले निर्मित क्षेत्र) (वर्गमीटर में) ..... (शब्दों में) .... (वर्गमीटर)

(ii) (01/01/1950 के बाद का क्षेत्र) (वर्गमीटर में).....(शब्दों में).....(वर्गमीटर)

(iii) कुल निर्मित क्षेत्र (वर्गमीटर में) ..... (शब्दों में) ..... (वर्गमीटर)

3.6 आवेदक **परिशिष्ट–2.2** के अनुसार सादे कागज पर एक स्व–घोषणा प्रस्तुत करेगा।

3.7 आवेदन शुल्क के रूप में Rs.20,000 / – प्रसंस्करण शुल्क देय होगा ।

3.8 विभिन्न कोणों से सम्पूर्ण संपत्ति दिखाते हुए संपत्ति के अग्रभाग / सामने की ऊँचाई की तस्वीरें जो इसके हैरिटेज विशेषता को उजागर करती हों ।

4. अपूर्ण आवेदन के मामले में अस्वीकृति :–

4.1 यदि कोई भी दस्तावेज आवेदक द्वारा प्रदान नहीं किया जाता है, तो त्रुटिपूर्ति हेतु आवेदक को सूचित किया जाएगा जो उसे पत्र प्राप्त होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा । यदि जानकारी निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

4.2 प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आवेदन की अस्वीकृति से संबंधित किसी भी शिकायत के मामले में, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव / सचिव का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

5. हैरिटेज का प्रमाण पत्र :–

5.1 हैरिटेज संपत्ति के प्रमाण पत्र **(परिशिष्ट– 2.3 में संलग्न)** पर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

5.2 पूरी संपत्ति और उसकी हैरिटेज विशेषता दिखाने वाली संपत्ति का फ्रंट फोटोग्राफ प्रमाण पत्र के पीछे प्रिंट किया जायेगा ।

6. विविध :–

6.1 नीति के अंतर्गत जारी प्रमाण पत्र का उपयोग विविध प्रयोजनों / परिसंपत्ति पर स्वामित्व के प्रमाण आदि हेतु नहीं किया जा सकेगा ।

6.2 नीति के अंतर्गत जारी प्रमाण पत्र के आधार पर विभागीय नीतियों के अंतर्गत प्राप्त होने वाली छूट/सुविधायें/अनुदान आदि की पात्रता अर्जित की जा सकेगी ।

6.3 हैरिटेज परिसंपत्ति का स्वरूप बदलकर परिसंपत्ति की हैरिटेज विशेषता समाप्त किया जाना पाये जाने पर नीति अंतर्गत जारी प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्ती योग्य होगा । निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रमाण पत्र जारीकर्ता अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र धारक को सुने जाने का अवसर प्रदान करने के उपरांत की जा सकेगी ।

परिशिष्ट/**Annexure - 2.1**

FORM

Application form for granting Certificate of Heritage to Operation Heritage Hotel/ Heritage Property proposed to be used as Tourism Unit by the Department of Tourism, Madhya Pradesh

To,

Managing Director,
MP Tourism Board,
Lily Trade Wing, 6th Floor,
Jehangirabad,
Bhopal, Madhya Pradesh.

Sub: Application for grant of Certificate of Heritage for operating Heritage Hotel/Heritage Property proposed to be used as a Tourism Unit.

Sir,

I/We hereby apply for grant of Certificate of Heritage for operating Heritage Hotel/Heritage Property, details of which are as under :-

1. Name & Complete Postal Address of the applicant with photo and photo ID (Self-attested Photo Copy of ID to be enclosed)

2. Complete Address and details of Operating Heritage Hotel/ Heritage Property proposed to be used as Tourism Unit :

Address of the Heritage Property:

3. Photograph of the Building including facade and architectural features, from different angles.

Latest Photo of the Heritage property (Front View)

4. I/We hereby enclose the following documents with the application which are required under guidelines : -

a. Proof of age of the property issued by Tehsildar or Local Body or Archaeology & Museum Department.

b. Map of the existing building/property duly prepared/attested by the registered Architect/Civil Engineer (with membership No./ registration No.)

c. The report of Architect/Civil Engineer containing the following details is to be enclosed:-

(1) Total area: (in figure).....(in words) .....(Sq. Mtr.)

(2) Open area (in figure).....(in words)..... (Sq. Mtr.).

(3) Constructed area :-

(i) (Area constricted before 1.1.1950) (in figure).....(in words).....(Sq. Mtr.).

(ii) (Area constricted after 1.1.1950 (in figure).....(in words).....(Sq. Mtr.).

(iii) Total constructed area (in figure) .....(in words).....(Sq. Mtr.)

d. The applicant shall submit a self-declaration on plain paper as per Annexure-2.

e. The application shall be accompanied by a Proof of Payment of Rs. 20000 (Rs.Twenty thousand only) as a processing fee paid to Managing Director, MP Tourism Board. (This fee is non-refundable.)

f. The Photographs of the facade/front elevation of the property showing the complete property from various angles highlighting its heritage characters.

I/WE hereby undertake to abide by the provisions and the prescribed conditions of the Guidelines for granting Certificate for Heritage to operating Heritage Hotel/Heritage Property proposed to be used as a Tourism Unit and as amended from time to time. If any deviation from the permissible norms of new constriction is found at any stage, the certificate of Heritage may be withdrawn by this Department. I/we or any other person cannot claim ownership rights on the basis of this certificate and the certificate is not valid for any legal purpose.

Name and Signature

of the Applicant

परिशिष्ट/**Annexure -2.2**

Declaration
(on plain paper)

Passport size Photograph of Applicant

1. I have applied for operating heritage hotel/heritage property proposed to be used as a heritage hotel or other tourism unit situated at ....(complete Address, House No., Mohalla etc.) for grant of Certificate of Heritage by Department of Tourism. I am fully authorized to apply for the same.

2. I have obtained and attached the certificate of age of the property issued by -

1. Tehsildar..................................or 2. Local Body .... or 3. Archaeology & Museum Department ....issued on ....manifesting that the property was constricted before 1950 and I have also put self-attestation on the same.

3. Extension, improvement, renovation, change etc. in the existing structures have been done retaining the old constriction pattern and harmonizing new with the old. After expansion/renovation, the newly built up area has not exceeded 50% of the total built up (plinth) area including the old and new structures.

4. I/we further undertake not to make any new construction which deviates from the permissible norms of new constriction.

5. I/we understand that, if any deviation from the permissible norms of old and new structures is found at any stage, the Department will be free to withdraw its approval.

6. I have enclosed the Architect / Civil Engineer report which has been signed by the Architect/Civil Engineer Sh./Smt./M/s..................................(Membership No./ Registration No............) and by me us. Area details of the property are as below :-

(1) Total area: (in figure)..................................(in words)..Sq. Mtr.

(2) Open area (in figure)..................................(in words)..Sq. Mtr.

(3) Constructed area :-

(i) Area constructed on 1.1.1950) (in figure) ....(in words)..................Sq. Mtr.

(ii) Area constructed after 1.1.1950) (in figure)................(in words)................Sq. Mtr.

(iii) Total constructed area (in figure)............................(in words)...........................Sq. Mtr.

7. Any dispute legal or otherwise which had existed before applying for Certificate of Heritage or arises after issue of the same shall be my/our sole responsibility.

8. I/we or any other person/company etc cannot claim ownership rights for the above Heritage Property based on the Certificate of Heritage and the same is also not valid for any legal purpose.

9. I/we are duty bound to provide information and statistics about tourist arrivals every month in the prescribed formats to the local representative/officer of the Department of Tourism.

I/We.....Son/Daughter of Shri..... Age .....

Year..... resident of .....District.....

of Madhya Pradesh, hereby declare that the information given above and in the enclosed documents is true to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed therein. I am well aware of the fact that if the information given by me is proved false/not true, I will have to face the punishment as per the law, and all the benefits availed by me shall be summarily withdrawn.

Name of the Applicant (s)

1.....

2.....

Place :-

Signature of the Applicant (s)

1.....

2.....

Date :-

परिशिष्ट/**Annexure -2.3**

Government of Madhya Pradesh
MP Tourism Board
Lily Trade Wing 6th Floor
Jehangirabad, Bhopal

No.:..... Dated: .....

Certificate of Heritage

(Operating Heritage Hotel/Heritage Properties proposed to be used as a Tourism Unit)

To Whom So Ever It May Concern

This is to certify that the property situated at (Complete Address) .... is a heritage property constructed before 01.01.1950 as per the definition of a Heritage Hotel in Madhya Pradesh Heritage Property Certification Policy 2019. This certificate is issued on the basis of the following.

- Tehsildar/ Patwari .....
- Local Body .....
- Department of Archaeology and Museum..... (Any one of the above)
- As per the architect's report the whole area of the property is ..... (Sq. Mtr.)

I. Total constructed area (in figure).....(in words).....(Sq. Mtr.).
II. Total Open area (in figure).....(in words).....(Sq. Mtr.).

Managing Director

MP Tourism Board

Latest Photo of the Heritage property (Front View)

- If any deviation from the permissible norms of new construction is found at any stage, the certificate of Heritage shall be withdrawn.
- This Certificate cannot be used to establish ownership rights and is also not valid for any legal purpose.

Tourism Policy (2016)
Amended 2019

INDEX

		Page No.
1.	Vision Statement	41
2.	Guiding Principles	41
3.	Strategy	41-43
4.	Madhya Pradesh State Tourism Development Corporation Ltd.	43-44
5.	Tourism Projects	44-45
6.	Subsidy for Tourism Projects	45-54
7.	To Promote Week-end Tourism	54
8.	Exemption from Registration and Stamp Duty Fees	54
9.	Allotment of land/heritage assets for establishing Tourism Projects through private investment	55-56
10.	Eco and Adventure Tourism	56-57
11.	Film Tourism	57-58
12.	Constitution of State/ District Tourism Promotion Council	58
13.	Water Tourism	58-59
14.	Sustainable Tourism	59
15.	Employment oriented Skill Development, Education and Training for Youth	59-60
16.	Investor Facilitation	60
17.	Development of Way Side Amenities	60
18.	Facilities to Tourism Sector similar to Industries	60-61
19.	Special Efforts for Comprehensive Tourism Development	61-62
20.	Implementation of Tourism Policy	62
21.	Repeal	62-63
22.	Annexure - 1 – Procedure for disposal of Government lan allotted to Tourism Department through auction	64-68

Note: For any clarification/interpretation notified Hindi version of this policy shall be referred.

Tourism Policy (2016) Amended 2019

1. Vision Statement

To promote such balanced & sustainable tourism which enables socio-economic development, generate employment opportunities and establishes Madhya Pradesh as a destination that provides a complete tourism experience.

2. Guiding Principles

The tourism policy is based on the following guiding principles:

2.1 Set up such institutional mechanism which will promote private investment as directed by the State Government.

2.2 Set up an effective regulatory mechanism for sustainable tourism.

2.3 Undertake measures to provide reception, assistance, information, amenities and ensure hygiene, security and infrastructure for the tourists.

2.4 Conservation of heritage and making them places of tourist attraction.

2.5 Eco-tourism to be the tool to sensitize masses about environmental conservation.

2.6 Establish active and coordinated participation of Government departments, voluntary organizations, the local community and other stakeholders of tourism sector.

2.7 Appropriate development of tourism based projects through Public Private Partnership (PPP).

2.8 Validity period of Policy- After amendment the policy shall remain in force for five years from the date of its issuance and projects started/ established/expanded, commenced during such period shall qualify for benefits/exemption/concessions under the provision of this Policy. State Government may extend the period of this policy as and when required.

3. Strategy

The strategy to translate the vision statement and guiding principles in reality will be as under:

3.1 Clear, transparent guidelines and standard procedures will be laid down to attract private investment.

3.2 Relevant research and preparation of necessary database will be undertaken for destination marketing.

3.3 An appropriate system will be developed for preparation of authentic statistical database and for obtaining tourist feedback for systemic reforms.

3.4 Continuous improvement and maintenance of basic infrastructure such as roads,drinking water, power, hygiene, transport and solid waste management will been sured.

3.5 Active participation of local bodies will be ensured by sensitizing them towards tourism.

3.6 To promote and market fairs, local cuisine, culture,folk music, dance, costumes, products, art, handicraft and heritage, rural tourism will be encouraged. To execute these activities registered Self Help Groups will be promoted.

3.7 Highest priority will be accorded to conservation and preservation of natural resources and beauty at eco-tourism destinations.

3.8 A comprehensive plan will be prepared for development of identified destinations of spiritual tourism.

3.9 Planned development of tourism facilities near major water bodies will been sured.

3.10 To promote tourism, effective measures will be taken up for road (bus service) and air connectivity between cities with the active participation of the private sector.

3.11 By simplification of procedures and with the help of local administration necessary steps will be undertaken to promote adventure tourism.

3.12 To promote tourist friendly image of the state, all personnel directly and indirectly engaged in the tourism sector will be trained. Trainings will also ensure generation of employment opportunities for the youth.

3.13 To encourage establishment of tourism projects through private investment, landbank will be strengthened continuously, identifying suitable locations.

3.14 To provide quality accommodation to tourist in the state, establishment of standardand deluxe class hotels with private investment will be encouraged.

3.15 Efforts to include Tourism within the action plan of other relevant departments of the State will be made.

3.16 To encourage establishment of heritage hotels with private investment, subsidies/concessions will be offered.

3.17 To encourage MICE (Meetings, Incentives, Conferences and Exhibitions) Tourism in the State, establishment of convention centers with private investment will be promoted.

3.18 Subsidies/Concessions will be made available to augment the establishment of various tourism projects including hotels and resorts in the State.

3.19 New tourist destinations and destination of significant importance will be developed. Special packages of incentives will be given to setup the projects in ulterior & inaccessible places.

3.20 Medical Tourism, Destination Wedding tourism and Rural/Agro/Eco Tourism will be encouraged.

3.21 Basic infrastructure will be developed at the infrastructure less land, water bodies and heritage properties located in remote areas.

3.22 To assist the investors in getting the permissions/NOCs, renewal etc. Tourism Board shall act as Nodal Agency. Tourism Board shall adopt handholding process in getting permissions/NOCs/renewal etc.

3.23 To establish Tourism Projects, in coordination with other departments, efforts will be made to apply the concept of Ease of Doing Business.

3.24 For certification of Heritage Properties, rules & procedure will be frame by the department. On the basis of certification issued by the department heritage units shall be provided incentives & facilities as per provisions of the Policy.

3.25 To create and generate employment opportunities and for overall development of tourism Gram Stay, Farm Stay and Bread & Breakfast Policy will be formulated to promote & establish such units. Registered Tourism Cooperative Societies & registered Self-Help Groups shall be encouraged to establish such units.

3.26 Tourist centers will be developed as facile destinations for disabled visitors.

3.27 A specific Policy will be formulated in consultation with stake holders to encourage big brands to establish Hotels/Resorts/Mega Tourism Projects.

4. Madhya Pradesh State Tourism Development Corporation Ltd.

The role of MP State Tourism Development Corporation Ltd. for implementation of tourism policy at the ground level is important. The role of the Corporation will be as under:

4.1 While providing tourism services, the Corporation shall play a crucial role in establishment, expansion and marketing of tourism services with private investment.

4.2 As per the need, the corporation will be allowed to hand over its units to private sector for operation under management agreement or on a long-term lease.

4.3 To resolve issues related to tourism promotion, management and operations, effective steps shall be taken up in co-ordination with stakeholders of tourism industry.

4.4 Tourism projects shall be established and appropriate support to investors to invest in new undeveloped areas with tourism potential shall be streamlined.

4.5 As and when required Corporation can expand its units and develop new are as of tourism through profits realized.

4.6 Institutions such as Madhya Pradesh Institute of Hospitality and Training, Food Craft Institute, State Institute of Hospitality and Catering Technology which provide higher education and skill development trainings in hospitality, foodcraft and tourism management, shall be expanded and strengthened.

4.7 Corporation shall play pivotal role in obtaining loan and grants from State Government, Central Government and Financial Institutions for tourism projects.

4.8 For attracting investments through Private Sector, investor facilitation, providing subsidies and facilities to investors under the policy and for planning implementing and monitoring tourism projects, the department shall constitutea separate division “Investment Promotion and Planning division” within the Corporation. A proper set-up for this division shall be devised by the department. Appropriate human resources shall be placed by the Corporation adhering to this set-up. For the effective operation of this division, government shall provide requisite financial resources to the corporation separately.

5. Tourism Projects

Under this Policy following activities shall be treated as Tourism Projects to avail various facilities/subsidies. Definition of Tourism Projects shall be determined as per the notification of Government of India from time to time or shall be determined by the Tourism Department, Government of Madhya Pradesh:

5.1 Hotel (Star, Deluxe and Standard Class)

5.2 Health Farm/Resort/Health and Wellness Resort

5.3 Resort, Camping Site and Fixed tenting units

5.4 Motel and Way Side Amenities

5.5 Heritage Hotel

5.6 Convention Centre (MICE)

5.7 Museum / Aquarium / Theme Parks

5.8 Bed and Breakfast / Home Stay Units

5.9 Golf Course

5.10 Rope way

5.11 Water Park and Water Sports

5.12 Amusement Park

5.13 Caravan Tourism

5.14 Cruise Tourism

5.15 House Boat

5.16 Film studio and development of infrastructure and installation of equipment for film making.

5.17 Adventure Sports

5.18 Sound and Light Show / Laser Show

5.19 Sea Plane

5.20 Amphibian Tourist Vehicle

5.21 Aero sports & Aero Sports Training Centre/ Academy

5.22 Heritage Cafeteria / Motel

5.23 Wildlife resorts

5.24 Gram Stay/Farm Stay

5.25 Other activities related to tourism as notified by Tourism Department of Central/ State Government, from time to time.

6. Subsidy for Tourism Projects

Tourism Projects established and operationalised during the operative tenure of this policy shall be entitled to capital investment subsidy. Considering to the type of activity and the capital investment, capital subsidy shall be granted as mentioned below:

S. No.	Subsidy Scheme	Minimum Project Expenditure (Rs. in Lac)	Percentage of Subsidy against Fixed Capital Investment	Maximum ceiling of Subsidy (Rs. in lac)	Other conditions
6.1	Capital subsidy for Heritage Hotel under Proprietorship	300	15%	200	After establishment & commencement of the heritage hotel subsidy shall be released after certification from HRACC or Tourism Board. For certification of heritage hotels by M.P. Tourism Board, the guidelines and process is annexed at Annexure-2.
6.2	Capital Investment subsidy for establishment of Heritage Hotel where the Heritage Assets are obtained fromTourism Department on Lease	1000	15%	500	As per Clause 6.1
6.3	Capital Investment subsidy to establish a new Deluxe/Three Star or Higher category new Hotel and Resort	1000	15%	500	Minimum 50 lettable air-conditioned rooms should be available.

6.4	Capital Investment subsidy for establishment of new Hotel/Mini Resort of Standard category	200	15%	50	Minimum air-conditioned 25, lettable rooms for hotel and 10 rooms for resorts should be available.
6.5	Capital Investment subsidy for establishment of new Resort and Wellness Centre (Including Resort equipped with Ayurvedic, Yoga and Naturopathic treatment)	500	15%	200	Unit should be established as per the definition, criterion and standards defined by the Government of India/State Government.
6.6	Capital Investment Subsidy for expansion of established Star/ Deluxe/Standard Hotel/ Resort/Heritage Hotel	100	15%	500	Expansion in terms of minimum 50% increased in staying capacity will only be eligible for subsidy
6.7	Capital Investmentc Subsidy for establishment of 500 or more seater convention centre as above cum Hotel under MICE (Meetings, Incentives, Conferences, Exhibitions)	2000	15%	1000	Project must be established in such a way as to conform to the criteria/ standards laid down by Government of India for convention centre. Seating capacity of main convention hall taken alone should be 500 or more.

6.8	Capital Investment Subsidy for creation of infrastructure along with installation of equipment to establish Film Studio, Film making, Museum, Aquarium, Theme Park	100	15%	500	
